


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 22 दिसंबर, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-6 | अंक-352

### 43 साल बाद भारत के प्रधानमंत्री ने कुवैत में रखा कदम

# भारत कुवैत की दोस्ती और मजबूत होगी : मोदी

**कुवैत, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 21 दिसम्बर को दो दिवसीय दौरे पर अरब देश कुवैत पहुंचे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों में पहली कुवैत यात्रा है। पीएम मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के बुलावे पर कुवैत गए हैं। पीएम मोदी ने यहां उन दो साहित्यकारों से भी मुलाकात भी की, जिन्होंने रामायण और महाभारत का अनुवाद संस्कृत से अरबी में किया और उन्हें प्रकाशित किया। पीएम मोदी की मुलाकात कुवैत में रह रहे 100 वर्ष की उम्र पार कर चुके पूर्व भारतीय राजनयिक से भी हुई। पीएम मोदी के कुवैत पहुंचने पर यहां रहने वाले भारतीयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कुवैत सरकार के भी उच्चाधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

कुवैत दौरे की शुरुआत में पीएम मोदी की मुलाकात मंगल सेन हांडा से हुई। हांडा 101 वर्ष के हैं और वह भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी हैं। मंगल सेन हांडा ने अपने दशकों के राजनयिक करियर के दौरान अरब समेत तमाम देशों में अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान में वह कुवैत में ही रहते हैं। हांडा की नातिन श्रेया जुनेजा ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि कुवैत दौरे में वह उनसे जरूर मिलें। इस पर पीएम मोदी ने ट्विटर पर जवाब दिया था कि वह जरूर मिलेंगे। हांडा से पीएम मोदी ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की। बाकी परिजनों से भी पीएम मोदी मिले।पीएम मोदी की यात्रा की शुरुआत कुवैत स्थित भारतीय श्रमिकों के कैम्प के दौरे से हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम मोदी का यह दौरा यह भारत सरकार की विदेशों में काम करने वाले श्रमिकों के प्रति गंभीरता को प्रदर्शित करता है। पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा और उनके बेटे सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात करेंगे और आधिकारिक बातचीत में शामिल होंगे। पीएम मोदी कुवैत के प्रधानमंत्री से भी बातचीत करेंगे।

पीएम मोदी कुवैत में हाला-मोदी कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे, जिसमें 5000 भारतीय शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा वह गल्फ फुटबाल लीग के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

▶10पर





### कुवैत की आजादी को सबसे पहले मान्यता देने वालों में शामिल था भारत

### रामायण-महाभारत का अरबी अनुवाद करने वाले साहित्यकारों से मिले मोदी

## दिलों ने भी भारत-कुवैत को आपस में जोड़ा है: मोदी

**कुवैत, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।** कुवैत में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का है। सागर का है। स्नेह का है। व्यापार का है। भारत और कुवैत अरब सागर के दो किनारों पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं, बल्कि दिलों ने आपस में जोड़ा है। हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि हमारा अतीत भी हमें जोड़ता है। एक समय था जब कुवैत से मोती, ▶10पर

### रूस के कजान शहर में हुआ में 9/11 जैसा हमला

# इमारतों से जा टकराए ड्रोन, हुए जोरदार धमाके



### यूक्रेन से हमला किए जाने का अंदेशा जताया

### ड्रोन हमले से हुई तबाही का ब्यौरा नहीं मिला

**कजान (रूस), 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**

रूस के कजान शहर में बड़ा ड्रोन हमला हुआ है। कजान में कुछ बहुमंजिला इमारतों से ड्रोन टकराए हैं। यह हमला अमेरिका में वर्ष 2001 में हुए 11 सितंबर जैसे हमले की तरह किया गया है। इस हमले में हुए नुकसान की अभी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन जिस तरह से ड्रोन रिहायशी इमारतों से टकराए हैं और इमारतों में धमाके हुए और आग लगी, उससे बड़े नुकसान की आशंका है। हमले के वीडियो भी सामने आए हैं।

वहीं रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रिलस्क शहर में यूक्रेन के मिसाइल हमले में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत की खबर है। हमले में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये हमले यूक्रेन की तरफ से किए गए हैं। ड्रोन्स हमलों के बाद कजान एयरपोर्ट पर हवाई सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 800 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। कजान की छह रिहायशी इमारतों पर ये ड्रोन हमले हुए हैं। कजान शहर यूक्रेन की सीमा से करीब 900 किलोमीटर पूर्व में स्थित है और पूर्व में भी यूक्रेन की तरफ से कजान में ड्रोन हमले किए गए हैं। रूसी रक्षा मंत्री ने दावा किया है कि उनके बलों ने 12 यूक्रेनी ड्रोन्स को तबाह किया है। यूक्रेनी मीडिया का दावा है कि बीती रात रूस के रोस्तोव में भी दो तेल डिपो में आग लगने की घटना हुई। यह आग भी कथित यूक्रेनी ड्रोन हमले के चलते लगी। बीते अक्टूबर में ही कजान शहर ब्रिक्स सम्मेलन के चलते दुनिया भर में चर्चा में रहा था। रूस ने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया था। ▶10पर

## क्रिसमस मार्केट में दो को कार से रौंदा, 15 की हालत नाजुक

**मैगडेबर्ग (जर्मनी), 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**

जर्मनी में आठ साल बाद फिर क्रिसमस मार्केट पर हमला हुआ। इस बार मैगडेबर्ग को निशाना बनाया गया है। शुक्रवार शाम मैगडेबर्ग में क्रिसमस मार्केट में हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए। सऊदी अरब के डॉक्टर ने जानबूझकर बाजार में भीड़ पर कार चढ़ा दी। सैक्सोनी-एनहाल्ट के प्रधानमंत्री रेनर हेसलॉफ ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में एक बच्चा शामिल है। आरोपी 20 साल से जर्मनी में रह रहा था। सऊदी अरब ने इस हमले की निंदा की है।

इससे पहले भी वर्ष 2016 में जर्मनी में इसी तरह का हमला हुआ था। बर्लिन के एक क्रिसमस बाजार पर एक ट्रक ने हमला किया, जिसमें 12 लोग मारे गए और 56 घायल हुए। हमलावर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़ा था। शुक्रवार को मैगडेबर्ग की लोकप्रिय हॉलिडे मार्केट में इस घटना में 68 लोग घायल हुए हैं, ▶10पर






# राष्ट्र प्रथम







## बंटेंगे तो कटेंगे
## एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

Best Wishes

BS

# Basai Steels And Power (P) Ltd.

**MANUFACTURERS OF**

**BILLETS | POWER | SPONGE IRON & M.S & G.P PIPE 15mm to 150mm**

**SQUARE, RECTANGULAR & ROUND PIPES IN ALL REGULAR THICKNESS**

A-23/586, APIE, Balanagar, Hyderabad 500037
Cell: 9848030471,7799555555
gopalagarwal@basaisteels.com

Ward No 3, Plot No 412, Sidiginamola Village
Bellary-Alur Highway, Bellary 583138
www.basaisteels.com



# ओम प्रकाश चौटाला की सदैव किसान हित और ग्रामीण विकास रही प्राथमिकता : धनखड़



**चंडीगढ़,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ शनिवार को जिला सिरसा के तेजा खेड़ा फार्म, चौटाला में पहुंचकर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के साथ अपने संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि 5 दिन पहले ही उनसे मेरी बात हुई थी। उस समय भी वो मेरे स्वास्थ्य का पूछ रहे थे, मेरी चिंता ज्यादा कर रहे थे। 29 साल पहले का वो दिन, जब उन्होंने मेरा हाथ पकड़ कर जो यात्रा शुरू करवाई, 9वीं लोकसभा में निर्वाचित करवाकर मंत्री पद देकर, वो मैं भूल नहीं सकता। जब भी मौका मिला, मुझे उनका आशीर्वाद मिला। राज्यपाल का पद ग्रहण करते ही मैंने आपका आशीर्वाद लिया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 7 बार विधायक रहना और 5 बार मुख्यमंत्री बनना चौधरी साहब को परिभाषित नहीं करता बल्कि किसान, गांव का विकास उनकी प्राथमिकताएं थी, उनका संकल्प था, उनका ध्येय था, उनका उद्देश्य था। जीवन पर्यंत उन्होंने अपने को किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित किया। कुछ भी परिस्थिति हो, कुछ भी हालात हों, किसान हित और ग्रामीण विकास को उन्होंने नहीं छोड़ा। उन्होंने ये निश्चित कर दिया कि देश का उत्थान, प्रगति, शांति, विकास किसानों के विकास और गांव के विकास से जुड़ा हुआ है। कोई ऐसा मौका नहीं आया, जब उन्होंने मेरी चिंता नहीं की। जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऐसा प्रखर वक्ता, ऐसा स्पष्ट वाद करने वाला व्यक्ति, ऐसा निर्भीक व्यक्ति, ऐसी रीढ़ वाला व्यक्ति जो ग्रामीण व्यवस्था के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने जो दार्शनिक रूप अपनाया, जो संकट झेले, जो व्यवस्थाओं की क्रूरता देखी, वो प्रासंगिक है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने हमें सिखाया कि रास्ता कठिन होगा, लोग बेवजह समस्याएं पैदा करेंगे, आप के कीर्तिमान को सही रूप से नहीं मानेंगे, पर निश्चित लक्ष्य है, किसान और ग्रामीण, ये दोनों महत्वपूर्ण हैं। विकसित भारत का सपना किसान के खेत और ग्रामीण विकास से निकलेगा। जो मजबूती मैंने उनमें देखी, वो अनुकरणीय है। हमारे लिए मार्ग प्रशस्त करती है। चौधरी ओम प्रकाश चौटाला 1989 के बड़े राजनीतिक बदलाव के प्रमुख सूत्रधारों में से थे। किसान कर्ज़ मुक्त हो, उनका ध्येय था। जनता दल सरकार का किसान कर्ज़ माफी कदम उनकी पहल था। इन्होंने जो संकट झेल कर भी किसान की सेवा की है और कर्ज माफी के लिए उस समय लड़ाई लड़ी थी। किसान के साथ संवाद, किसान के हित की बात करना, किसान के हित को आगे बढ़ाना, किसान के हित को अपने मन में रखना, किसान का हित एक मात्र देश का हित, देश का विकास है, ये उन्होंने सिखाया। निस्संदेह देश विकास और विकसित भारत का लक्ष्य ग्रामीण और किसान हित साधने से ही संभव है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है संकल्पित होने की, अन्नदाता से संबंधित प्रकरण संवाद हो और संवेदना से निर्णीत हों। अन्नदाता आर्थिक समृद्धि का आधार है, सामाजिक समरसता का सूत्रधार है। किसानों का कल्याण ही देश प्रगति का रास्ता है और यही देश हित में भी है।

## नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को दी श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला का शनिवार को जिला सिरसा के तेजा खेड़ा फार्म में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी तेजा खेड़ा फार्म पहुंचकर चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंतिम दर्शन के दौरान हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, महिपाल ढांडा, डॉ अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली और सांसद कार्तिकेय शर्मा सहित कई बड़े नेताओं और लोगों ने पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रातः 8 बजे से पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था।

## अजमेर हाइवे पर एलपीजी टैंकर ब्लास्ट मामला

# 24 घंटे बाद भी मातम का सन्नाटा, मरने वालों की संख्या 14 हुई

**जयपुर,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** जयपुर के अजमेर हाईवे पर हुए भयावह हादसे को 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन इस दर्दनाक मंजर की गूंज अब भी लोगों के दिलों में गहरी है। शुक्रवार सुबह 5:44 बजे हुए इस हादसे में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। 33 से ज्यादा लोग अब भी मौत को से संघर्ष कर रहे हैं। इस हादसे ने कई परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं।



जब एक ट्रक न एलपीजी गैस से भरे टैंकर को टक्कर मारी, तो किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका आग के भयानक गोले में बदल जाएगा। टैंकर से लीक हुई गैस ने आग को इतना विकराल बना दिया कि एक किलोमीटर तक हर चीज जलकर राख हो गई। हादसे में एक स्लीपर बस, हाईवे के किनारे की पाइप फैक्ट्री और 40 से ज्यादा गाड़ियां खाक हो गईं।

घायलों को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर जिंदगी बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हर गुजरते घंटे के साथ घायलों की हालत और गंभीर हो रही है। हादसे में अपनों को खो चुके परिवारों की आंखें अब भी आंसुओं से नम हैं। अस्पताल के बाहर एक पिता अपनी बेटी की जलती हुई तस्वीरें दिखाकर बार-बार पूछ रहा है, क्या मेरी बेटी नहीं बच सकती थी?

हादसे के 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन पीड़ित परिवारों के लिए यह गम का सिलसिला शायद कभी खत्म नहीं होगा। इस हादसे ने सिर्फ जानें नहीं लीं, बल्कि कई जिंदगियों को अधूरा और दिलों को हमेशा के लिए खाली कर दिया है।

# सेक्सटॉर्शन और धमकी देकर पैसे ऐंठने वाले गिरोह का 24 घंटे में खुलासा

## एक लड़की समेत तीन गिरफ्तार

**जयपुर,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** थाना प्रताप नगर पुलिस ने एक सेक्सटॉर्शन और ब्लैकमेलिंग की वारदात का 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस टीम ने लड़की व दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने एक व्यक्ति को फर्जी तरीके से सेक्स-अल हिंसा के नाम पर धमकाकर पैसे ऐंठे थे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने इस जघन्य अपराध को सामने ला दिया और अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

यह मामला थाना प्रताप नगर के क्षेत्र में हुआ, जब 60 वर्षीय मकसूद खान नामक व्यक्ति के पास एक लडकी का मैसेज आया था, जिसमें उसे एक इवेंट के काम के बारे में बात करने का प्रस्ताव दिया गया था। लडकी ने उसे एयरपोर्ट रोड पर स्थित एक शादी समारोह स्थल पर बुलाया। जब मकसूद वहां पहुंचे, तो लडकी ने उन्हें कमरे में घेर लिया और सेक्स के लिए दबाव डाला। इसके बाद लडकी का सहयोगी एक युवक भी कमरे में आया और उसने भी हमला किया। मकसूद को मार-पीट कर कमरे में बंद कर लिया गया और उन्हें 10 लाख रुपये की मांग की गई। जब वह पैसे नहीं दे पाए, तो आरोपियों ने 6 लाख रुपये की रकम मंगवाई, जिसे विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिया गया।

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

## सीएम आवास घेरने गए थे, पुलिस से भिड़े



**जयपुर,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** बेरोजगारी और नशे के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और उन्हें खदेड़ने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कार्यकर्ता सीएम आवास को घेरने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए कड़ा कदम उठाया। इस घटना में कई कार्यकर्ताओं को चोटें भी आईं।

प्रदर्शन में शामिल थे पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, जो शहीद स्मारक पर पहुंचे और उन्होंने युवाओं के मुद्दों पर अपनी बात रखी। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि सरकार युवाओं को धोखा दे रही है, नौकरी के नाम पर उन्हें नशे का शिकार बना रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बेरोजगारी के मुद्दे को प्राथमिकता दी जाए और युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाए। पूनिया ने यह भी कहा कि यूथ कांग्रेस नौकरी दो, नशा नहीं अभियान के तहत पूरे देश में प्रदर्शन कर रही है, और जयपुर में भी सुबह 11 बजे से धरना-प्रदर्शन की शुरुआत की गई थी। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद कार्यकर्ताओं ने अपनी आवाज उठाई और इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शाह के भाषण को संविधान और लोकतंत्र के प्रति अपमानजनक बताया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में पुलिस थाने ले जाया गया।

# देश की ताकत उसकी युवा पीढ़ी के नवाचार और ऊर्जा में निहित है: शेखावत

**जयपुर,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आज 'पधारो म्हारे देश भारत' शिखर सम्मेलन, प्रदर्शनी और पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नार्ली ट्रूप ग्लोबल फेडरेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक धरोहर, पर्यावरणीय स्थिरता और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना था।

केंद्रीय पर्यटन, कला और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके साथ हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य, आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी, और नार्ली ट्रूप ग्लोबल फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह नार्ली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस अवसर पर कहा कि यह





आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो 'मेरा देश, मेरी ज़िम्मेदारी, मेरा गौरव' के मंत्र को साकार करता है। जयपुर, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक संभावनाओं का प्रतीक है, इस आयोजन के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश की ताकत उसकी युवा पीढ़ी के नवाचार और ऊर्जा में निहित है। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृतकाल' के विज़न के तहत हमें एक से अनेक बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान 'क्लीन एयर एंड ब्लू स्काईज' अभियान की सराहना की, जिसके तहत 50,000 फलदार वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम के विज़न को साझा करते हुए नार्ली ट्रूप ग्लोबल फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह नार्ली ने कहा, कि हमारा उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संरक्षित करना है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है। यह आयोजन पर्यावरणीय स्थिरता और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करता है।

# हरियाणा के भू-जल कमी वाले प्रत्येक ब्लॉक पांच जलाशयों का होगा विकास

**चंडीगढ़,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने राज्यभर में भू-जल कमी वाले प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम पांच जलाशयों के विकास की महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की है। इस प्रयास का उद्देश्य बारिश के पानी का प्रभावी ढंग से संरक्षण करना और पानी की कमी की बढ़ती संभावना के दृष्टिगत पानी की उपलब्धता की चुनौतियों का समाधान करना है। श्रुति चौधरी ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान जलाशयों के विकास हेतु प्रशासनिक सचिवों और विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाए जाने का प्रस्ताव



रखा। इसका प्राथमिक उद्देश्य इन जलाशयों के निर्माण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक हेक्टेयर पंचायत भूमि की पहचान करने हेतु समन्वय स्थापित करना है।

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने मानसून के मौसम में मारकंडा, टांगरी, घग्गर और यमुना जैसी प्रमुख नदियों से अतिरिक्त जल का दोहन और संरक्षण करने के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य योजना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सतत विकास और कृषि आवश्यकताओं के लिए इस जल का उपयोग करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।चौधरी ने फील्ड अधिकारियों को राज्य में सभी चैनलों का निरीक्षण करने और पुनर्वास की आवश्यकता वाले चैनलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के सिंचाई नेटवर्क के अंतिम छोर के लाभार्थियों को प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए दो वर्षीय चरणबद्ध कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

# बीएसएफ जवानों का हुआ दीक्षांत समारोह

## राजस्थान फ्रंटियर के आईजी रहे मुख्य अतिथि

**जोधपुर,21 दिसंबर (एजेंसियां)।** देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को जोधपुर के राजस्थान फ्रंटियर बीएसएफ मुख्यालय में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न बैचों को सहायक प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि नव आरक्षकों को देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैयार किया जा सके। इसी कड़ी में जोधपुर के चंदन सिंह चंदेल स्टेडियम स्थित सहायक प्रशिक्षण केंद्र में बैच संख्या 258 और 259 का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।

राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एमएल गर्ग समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पीटीएस तीन के जवान भी शामिल रहे।समारोह की शुरुआत मारकर कॉल से हुई। इसके बाद जवानों ने परेड फॉर्म में प्रदर्शन किया। इस दौरान जवानों का उत्साह झलक रहा था। कार्यक्रम में शामिल बीएसएफ जवानों के परिजनों के चेहरे पर भी खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत में आईजी एमएल गर्ग ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया और फिर परेड का निरीक्षण किया। जवानों ने परेड की सलामी ली और राष्ट्रीय ध्वज रक्षक टोली ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा।इस अवसर पर नव आरक्षकों को कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई गई।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार को ख़ुशी देगी। आपका रचनात्मक काम आस-पास के लोगों को अचरज में डाल देगा और आपको काफ़ी सराहना मिलेगी। अगर आप लंबे समय से अपने जीवन में किसी रोचक चीज़ के होने का इंतज़ार कर रहे हैं, तो निश्चय ही आपको उसके संकेत दिखाई देने लगेंगे। जीवनसाथी की ख़राब सेहत के चलते आप चिं-ताग्रस्त हो सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

घर पर तनाव का माहौल आपको नाराज़ कर सकता है। इसे दबाना आपकी शारीरिक समस्याओं में इज़ाफ़ा कर सकता है। शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाकर इससे निजात पाएँ। ख़राब हालात से दूर रहना ही बेहतर है। आज के दिन आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैं । घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। आप भी इसमें पूरी सहभागिता करें । ऐसे लोगों से हाथ मिलाएँ जो रचनात्मक हैं और जिनके ख़यालात आपसे मिलते हैं। अगर आप ख़रीदारी पर जाएँ तो ज़रूरत से ज़्यादा जेब ढीली करने से बचें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं वो अपने धन को आज बहुत संभालकर रखें। धन चोरी होने की संभावना है। सामाजिक समारोह में परिवार के साथ शामिल होना सबके लिए अच्छा अनुभव रहेगा। आज आपके प्रिय को आपके अस्थिर रवैये के चलते आपसे तालमेल बिठाने में काफ़ी दिक़्क़त का सामना करना पड़ेगा। इस राशि के जो लोग रचनात्मक कार्यों से जुड़े हैं उन्हें आज परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आपको महसूस हो सकता है कि रचनात्मक कार्य करने से बेहतर नौकरी करना थी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज सफलता का मंत्र यह है कि उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों। आपके दोस्त आपको ऐसे वक़्त पर दग़ा दे सकते हैं, जब आपको उनकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत हो। आप आज रुहानी प्यार की मदहोशी महसूस कर सकेंगे। इसे महसूस करने के लिए कुछ वक़्त बचाकर रखें। कार्यक्षेत्र में लोगों का नेतृत्व करें, क्योंकि आपकी निष्ठा आगे बढ़ने में मददगार सिद्ध होगी। किसी वजह से आज आपके ऑफिस में जल्दी छुट्टी हो सकती है इसका आप फायदा उठाएंगे और अपने परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने जाएंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। आपके दोस्त आपको ऐसे वक़्त पर दग़ा दे सकते हैं, जब आपको उनकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत हो। यह आपको सच्चे अर्थों में धर्म व आध्यात्मिकता की ओर भी ले जा सकता है। दिन की शुरुआत से अन्त तक आप ख़ुद को ऊर्जा से लबरेज़ महसूस करेंगे। ज़िंदगी में चल रही आपाधापी के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और और आप अपने पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब हो पाएंगे।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज के दिन आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैं आपके माता-पिता की सेहत पर ज़्यादा ध्यान दिए जाने की ज़रूरत है। अगर आपको लगता है कि आपका लवमेट आपकी बातों को समझ नहीं पाता तो आज उनके साथ वक्त बिताएं और अपनी बातों को स्पष्टता के साथ उनके सामने रखें। आप किसी बड़ी योजना या घटना में भागीदार होंगे, जिसके लिए आपको सराहना और पुरस्कार मिलेंगे। इस राशि के लोगों को आज अपने आप को समझने की जरुरत है। घरेलू मोर्चे पर बढ़िया खाने और गहरी नीन्द का पूरा लुत्फ़ आप ले पाएंगे।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं- लोगों को दिए पुराने कर्ज़ वापिस मिल सकते हैं- या फिर किसी नयी परियोजना पर लगाने के लिए धन अर्जित कर सकते हैं। आज आपमें धैर्य की कमी रहेगी। आज आपके दिल की धड़कनें अपने प्रिय के साथ ताल-से-ताल मिलाती मालूम होंगी। दिन की शुरुआत भले ही थोड़ी थकाऊ रहे लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे। दिन के अंत में आपको अपने लिए समय मिल पाएगा और आप किसी करीबी से मुलाकात करके इस समय का सदुपयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है। प्यार, मेलजोल और आपसी जुड़ाव में इज़ाफ़ा होगा। जो लोग अब तक सिंगल हैं उनकी मुलाकात आज किसी खास से होने की संभावना है सहयोगी मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, लेकिन वे ज़्यादा सहायता नहीं कर पाएंगे। आपने बीते दिनों कार्यक्षेत्र में कई काम अधूरे छोड़े हैं जिसका भुगतान आज आपको करना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन का आनन्द लेने के पर्याप्त मौक़े हैं आज आपके पास।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा- क्योंकि आप ज़िन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आज के दिन बिना कुछ ख़ास किए आप आसानी से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में क़ामयाब रहेंगे। रोमांस के लिए बढ़ाए गए क़दम असर नहीं दिखाएंगे। आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना की वजह बन सकता है। गप्पबाज़ी और अफ़वाहो से दूर रहें। अपने जीवनसाथी की नुक़्ताचीनी से आप आज परेशान हो सकते हैं, लेकिन वह आपके लिए कुछ बढ़िया भी करने वाला है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

सेहत से जुड़ी परेशानियाँ असहजता का कारण बन सकती हैं। जीवन के बुरे दौर में पैसा आपके काम आएगा इसलिए आज से ही अपने पैसे की बचत करने के बारे में विचार करें नहीं तो आपको दिक़्क़तें हो सकती हैं। प्यार, मेलजोल और आपसी जुड़ाव में इज़ाफ़ा होगा। खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। लम्बे वक़्त से लटकी हुई दिक़्क़तों को जल्द ही हल करने की ज़रूरत है और आप जानते हैं कि आपको कहीं-न-कहीं से शुरुआत करनी होगी- इसलिए सकारात्मक सोचें और आज से ही प्रयास शुरू करें।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

खीज और चिढ़चिढ़ेपन के अहसास को ख़ुद पर छाने न दें। घर की छोटी-छोटी चीजों पर आज आपका बहुत धन खराब हो सकता है जिसकी वजह से आप मानसिक तनाव में आ सकते हैं। आज के दिन आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यथार्थवादी रवैया अपनाएँ और जो आपकी ओर मदद का हाथ बढ़ाएँ, उनसे किसी चमत्कारकी उम्मीद न करें। व्यक्तिगत संबंध संवेदनशील और नाज़ुक रहेंगे। नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी। आप जिस प्रतियोगिता में भी क़दम रखेंगे, आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

चंद्र की स्थिति की वजह से आज आपका धन बेवजह की चीजों पर खर्च हो सकता है। अगर आपको धन संचय करके रखना है तो अपने जीवनसाथी या माता पिता से इस बारे में बात करें। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। प्रेमी को आज आपकी कोई बात चुभ सकती है। आज कार्यक्षेत्र में अचानक आपके काम की छानबीन हो सकती है। इस राशि के कारोबारी आज अपने कारोबार को नई दिशा देने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज किसी सहकर्मी के साथ आप शाम का वक्त बिता सकते हैं हालांकि अंत में आपको महसूस होगा कि आपने उनके साथ समय बर्बाद किया है और कुछ नहीं।

## रविवार का पंचांग

विक्रम संवत : 2081
मास : पोष ,कृष्णा पक्ष
तिथि : सप्तमी दोपहर 02:24 तक
नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी अहोरात्र
योग : आयुष्मान सायं 06:59 तक
करण : बव दोपहर 02:34 तक
चन्द्रराशि : सिंह दोपहर 12:56 तक
सूर्योदय : 06:41 , सूर्यास्त 05:47 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:37 , सूर्यास्त 05:59 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:31, सूर्यास्त 05:50 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:31 , सूर्यास्त 05:40 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भानु सप्तमी , कालाष्टमी , धनुर्मास चालू है

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# वार्षिक राशिफल 2025




## 3.मिथुन राशि

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा.अनीष व्यास ने बताया कि साल तुलनात्मक रूप से बेहतर साल रह सकता है। मार्च तक शनि देव भाग्य के माध्यम से कुछ सपोर्ट देना चाहेंगे। वहीं इसके बाद आपसे अधिक मेहनत लेकर अच्छे परिणाम भी दे सकते हैं। अर्थात यह साल मेहनत तो करवाएगा लेकिन परिणाम तुलनात्मक रूप से बेहतर और संतोषप्रद रह सकते हैं। राहु के गोचर को देखते हुए अपने बड़े बुजुर्गों और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध रखने की कोशिश जरूरी रहेगी। पुरुषार्थ करने के साथ-साथ धर्म, अध्यात्म और परमात्मा के प्रति निष्ठा भी जरूरी रहेगी। तभी मानसिक शांति बरकरार रह सकेगी। जिसका प्रभाव आपके काम धंधे और व्यक्तिगत जीवन पर नजर आएगा। वहीं आध्यात्म से दूरी मानसिक चिंता बढ़ाने का काम कर सकती है। बृहस्पति का गोचर मई के महीने तक कमजोर लेकिन बाद में तुलनात्मक रूप से अच्छे परिणाम देना चाहेगा। आर्थिक मामले में इस साल आप मिले जुले परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। परिणाम एवरेज से बेहतर भी रह सकते हैं। निजी जीवन में भी मई के बाद वाला समय ज्यादा अच्छा रह सकता है। मामला प्रेम प्रसंग का हो या फिर दांपत्य जीवन का; मई के बाद आप तुलनात्मक रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थीगण भी मई के बाद ज्यादा अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। आपको विदेशी भूमि से अचानक लाभ मिलता नजर आ रहा है। आपको धन कमाने के कई सुनहरे अवसर मिलेंगे। यदि आप नौकरीपेशा हैं तो आपको विदेशी कंपनी के साथ काम करने का मौका मिलेगा। बिजनेस ट्रिप से आपको अच्छा खासा फायदा होगा। इस साल आप कुछ बड़ा करने का प्लान बनाओगे फिर चाहे वो बिजनेस से जुड़ा प्लान हो या अपना खुद का कुछ स्टार्ट-अप शुरू करने का विचार हो। भाग्य आपका साथ देगा और आप अपनी हर शुरुआत में सफलता हासिल करोगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को अपने इन्वेस्टमेंट में अच्छा आर्थिक लाभ होगा। पार्ट्नरशिप में काम कर रहे लोगों के लिए यह साल बहुत फायदेमंद साबित होगा। आपको भरोसेमंद व्यक्ति के साथ मिलकर ही अपना काम शुरू करना चाहिए। बिजनेस में आप जितना फोकस होकर आगे बढ़ेंगे उतनी ही तेजी से आपके बिजनेस की ग्रोथ होगी। इस साल आपके जीवन में धन की कोई कमी नहीं होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी डील्स में आपको बहुत ही सोच समझकर कदम उठाने चाहिए।

**कैरियर–** करियर के मामले में मिथुन राशि के लिए एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक वर्ष साबित हो सकता है। आपके लिए काम में नए अवसर और बदलाव आ सकते हैं, जिनसे आपके पेशेवर जीवन में विस्तार होगा। आपको कई नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और इसके साथ-साथ आपकी कार्य क्षमता और प्रदर्शन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस साल के शुरुआत में कुछ प्रोजेक्ट्स में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी लेकिन परिणाम सकारात्मक होंगे। यदि आप नौकरी बदलने या नए व्यवसाय की शुरुआत का सोच रहे हैं, तो यह एक अच्छा समय हो सकता है। हालांकि, नए निर्णय लेने से पहले सही जानकारी प्राप्त करना और पूरी तैयारी करना महत्वपूर्ण होगा। किसी नए अवसर की प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। न्यायिक कार्य, लेखन और पत्रकारिता से संबद्ध जातक लाभान्वित होंगे। अक्टूबर के बाद अकस्मात किसी बड़े पद या पदोन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। तकनीकी तथा प्रबंधकीय फील्ड के छात्र नवीन अवसरों की प्राप्ति और विदेश की यात्रा कर सकते हैं। मार्च 2025 को शनि का गोचर मिथुन राशि के दशम भाव से होगा जो आपके करियर को चमकाने का काम करेगा। सरकारी विभाग में काम करने वालों को इस अवधि में अप्रत्याशित लाभ होगा। आपके कार्य की सरहाना होगी। आपका अपनी प्रोफेशनल लाइफ़ में दबदबा होगा। आपका नाम होगा और आपकी छवि से लोग प्रभावित होते चले जाएंगे। आपके जीवन में धन की कोई कमी नहीं होगी। आपके आय के साधनों में इजाफ़ा होगा।

**आर्थिक स्थिति –** भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा.अनीष व्यास ने बताया कि आर्थिक दृष्टिकोण से साल मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। वर्ष के पहले भाग में खर्चों में वृद्धि हो सकती है लेकिन अगर आप अपनी वित्तीय योजना को सही तरीके से लागू करते हैं, तो आप अपने वित्तीय मामलों को संभाल पाएंगे। निवेश और बचत के मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी, खासकर जब आप बड़े वित्तीय निर्णय लें। इस साल आपको अप्रत्याशित खर्चों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन आपके पास इन्हें संभालने का भी एक तरीका होगा। साल के मध्य से आपके वित्तीय मामलों में स्थिरता आएगी और आप कुछ अच्छे निवेश कर सकते हैं, जिनसे आपको लाभ हो सकता है। इस वर्ष आर्थिक मामले में कोई बड़ी परेशानी आने के योग नहीं हैं, इसके बावजूद भी आप अपनी उपलब्धियां को लेकर थोड़े से असंतुष्ट रह सकते हैं। आप जिस लेवल की मेहनत कर रहे हैं, उससे जो परिणाम मिलने चाहिए शायद आर्थिक मामले में वैसे परिणाम आपको न मिल पाएं। यही कारण है कि आप अपनी उपलब्धियां को लेकर थोड़े से असंतुष्ट रख सकते हैं। साल की शुरुआत से लेकर मई महीने के मध्य तक धन के कारक बृहस्पति आपके द्वादश भाव में रहेंगे, जो तुलनात्मक रूप से खर्चों को बढ़ाए रह सकते हैं। वहीं मई महीने के मध्य के बाद बृहस्पति का गोचर तुलनात्मक रूप से बेहतर होगा। फलस्वरूप आपके खर्च धीरे-धीरे करके नियंत्रण में आने लगेंगे और आप अपनी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत कर सकेंगे। यानी कि साल 2025 में आप आर्थिक मामले में मिले-जुले परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

**परिवार–** साल 2025 में व्यक्तिगत जीवन में आपको कुछ महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आपको अपने रिश्तों में समझ और समर्पण की आवश्यकता होगी, खासकर जब आप काम में व्यस्त रहेंगे। परिवार के कुछ मामलों में आपको अपना समय और ध्यान देना होगा। हालांकि, आपको अपने परिवार और प्रियजनों से पूरा सहयोग मिलेगा, जो आपके मानसिक संतुलन को बनाए रखने में मदद करेगा। रिश्तों में सामंजस्य बनाए रखना आपके लिए महत्वपूर्ण होगा, खासकर यदि आप किसी गंभीर रिश्ते में हैं। आप अपने पार्टनर के साथ कुछ समय बिता सकते हैं, जिससे आपके संबंधों में और गहराई आ सकती है। आपको तुलनात्मक रूप से बेहतर परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है। पारिवारिक संबंधों का कारक ग्रह बृहस्पति साल की शुरुआत से मई महीने के मध्य तक कमजोर स्थिति में रहेगा। अतः इस बीच में पारिवारिक समस्याएं नए सिरे से उत्पन्न न होने पाए इस बात की कोशिश करनी होगी। वहीं मई महीने के मध्य के बाद नए सिरे से कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी। ऐसे योग बन रहे हैं। साथ-साथ पुरानी समस्याएं भी धीरे-धीरे करके ठीक होने लग जाएंगी। वहीं गृहस्थ संबंधी मामलों की बात की जाय तो इस मामले में साल मिले-जुले परिणाम दे सकता है। एक ओर जहां इस साल मई महीने के बाद राहु केतु का प्रभाव चतुर्थ भाव से दूर हो रहा है तो वहीं मार्च के बाद शनि का प्रभाव शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थिति में गृहस्थ जीवन से संबंधित कुछ परेशानियां बीच-बीच में देखने को मिल सकती हैं। हालांकि साल की शुरुआत से लेकर मई मध्य तक बृहस्पति बीच-बीच में आपको कुछ सपोर्ट देता रहेगा लेकिन इन सबके बावजूद भी गृहस्थ मामले में इस वर्ष किसी भी तरीके के लापरवाही उचित नहीं रहेगी। सारांश यह कि पारिवारिक दृष्टिकोण से यह साल तुलनात्मक रूप से बेहतर तो वहीं गृहस्थ संबंधी मामले में मिले-जुले परिणाम दे सकता है।




**प्रेम – रोमांस –** प्रेम और रोमांस के मामलों में साल मिश्रित रहेगा। सिंगल मिथुन राशि वालों के लिए यह साल रोमांटिक दृष्टिकोण से दिलचस्प हो सकता है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना है, जो भविष्य में एक मजबूत संबंध का रूप ले सकता है। अगर आप किसी रिश्ते में हैं, तो इस साल आपको अपने पार्टनर के साथ अधिक समय बिताने की आवश्यकता हो सकती है। आपकी बातचीत और संवाद से रिश्ते में नई ताजगी आ सकती है। रिश्ते में कभी-कभी कुछ मतभेद हो सकते हैं लेकिन आप अपने साहसिक और अनुकूल स्वभाव के कारण उन्हें जल्दी हल कर लेंगे। साल 2025 की शुरुआत से ही गुरु आपके प्रथम भाव से गोचर करेंगे जिसके चलते आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों की बरसात होगी। आपके निजी रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी और आप एक दूसरे को और भी अच्छी तरह से समझने की कोशिश करोगे। आपकी मैरिड लाइफ़ में प्यार और विश्वास बढ़ेगा। इस साल आप ज्यादा से ज्यादा एक दूसरे को समझने की कोशिश करोगे। इस साल आपको हर कदम पर अपने जीवनसाथी का साथ मिलेगा। इस वर्ष आपको सलाह दी जाती है की आप अपने माता-पिता के साथ अपने संबंधों पर ज्यादा ध्यान दें मगर इस दौरान अपने साथी को नजरअंदाज भी न करें। दोस्ती में प्यार की नई शुरुआत हो सकती है। आपके मन में किसी के लिए आकर्षण पैदा हो सकता है। अब ये आपको तय करना है की यह महज आकर्षण है या सच में आपके मन में उनके लिए प्यार है। प्यार के मामलों में जल्दबाजी से निर्णय न लें।

**शिक्षा –** शिक्षा तथा प्रतियोगिता में सफलता की प्राप्ति होगी। साल की शुरुआत से लेकर मई मध्य तक उच्च शिक्षा के कारक बृहस्पति ग्रह आपके द्वादश भाव में रहेंगे, जो विदेश अथवा जन्म स्थान से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी मदद कर सकते हैं। हालांकि अन्य विद्यार्थियों को तुलनात्मक रूप से अधिक मेहनत करने की आवश्यकता रहेगी। वहीं मई मध्य के बाद बृहस्पति आपके प्रथम भाव पर आ जाएंगे। बड़े बुजुर्ग और शिक्षकों का आदर करने वाले विद्यार्थियों को बृहस्पति अच्छे परिणाम देता है। ऐसी स्थिति में यदि आप पूरे मनोयोग से अपनी विषय वस्तु पर ध्यान देंगे तो बृहस्पति आपकी बुद्धि को, आपके सीखने की क्षमता को और मजबूत करके आपको अच्छे परिणाम देना चाहेगा अर्थात कुछ सावधानियों को अपनाने की स्थिति में इस वर्ष आप शिक्षा के मामले में काफी अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। आपको आगे बढ़ने के सुनहरे अवसर मिलेंगे। पढ़ाई में की जा रही मेहनत रंग लाएगी और आपको सफलता का मीठा स्वाद चखने को जरूर मिलेगा। इस साल आपकी किस्मत का बंद दरवाजा हमेशा के लिए खुल सकता है। छात्रों के लिए यह वर्ष कमाल का रहने वाला है। आपको अपने मनचाहे कॉलेज में एडमिशन मिलने की संभावना है। मेडिकल फ़ील्ड से जुड़े छात्रों को हर परीक्षा में सफलता मिलेगी। राहू के नवम भाव में गोचर से आपको विदेश भ्रमण करवा सकता है। आप हायर स्टडी के लिए विदेश जा सकते हैं। आपके धन में, इनकम में वृद्धि होगी। आपको अपने मित्रों से लाभ प्राप्त होगा। किसी मित्र की सहायता से आप अपने बिजनेस को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हो। आपका शुभ कार्यों में खर्चा होगा।


**स्वास्थ्य –** स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से साल तुलनात्मक रूप से काफी बेहतर रह सकता है। पिछली की तुलना में इस वर्ष ग्रहों के गोचर काफी अच्छे रहने वाले हैं। बृहस्पति का गोचर साल की शुरुआत में थोड़ा सा कमजोर है। अतः मई मध्य के पहले पेट और जननांगों इत्यादि से संबंधित कोई समस्या यदि पहले से है तो उस मामले में सावधानी पूर्वक निर्वाह करना जरूरी रहेगा, अन्यथा नए सिरे से कोई स्वास्थ्य समस्या आने के योग नहीं हैं। वहीं मई के बाद इस तरह की समस्याएं होंगी तो भी धीरे-धीरे करके ठीक होने लगेंगी। हालांकि संतुलित दिनचर्या अपनानी तब भी जरूरी रहेगी। शनि का गोचर भी सामान्य तौर पर अनुकूल परिणाम दे सकता है लेकिन यदि सीने के आसपास की तकलीफ पहले से है तो मार्च के बाद वह थोड़ी सी बढ़ सकती हैं। अर्थात इस वर्ष सब कुछ ठीक रहे ऐसा तो नहीं है लेकिन पहले की समस्याएं कम होगी और नए सिरे से समस्याएं नहीं आएंगी। इसी कारण से हम इस साल को स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से तुलनात्मक रूप से बेहतर कह रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष उत्तम सुख प्रदान करने वाला रहेगा। रोग की संभावना विशेषकर जून, अक्टूबर और मई में संभावित रहेगी। जीवन साथी को हड्डी संबंधित रोग आपको परेशान कर सकता है। नियमित रूप से योगाभ्यास और मेडिटेशन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बहुत अच्छा है। मेडिटेशन से आपका तनाव भी कम होता है। विद्यार्थियों को इस वर्ष अपनी मेंटल हेल्थ को लेकर ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत है। आपको अपने आत्मविश्वास में बढ़ोतरी के लिए ध्यान, योग और व्यायाम करना चाहिए। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, आपको बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा आपकी मानसिक शक्ति और ऊर्जा प्राप्त होगी।

**ज्योतिष उपाय –** बुधवार के दिन हरे रंग के वस्त्र या चूड़ियां भेंट करें। गौ माता को चारा अथवा हरी सब्ज़ियाँ खिलाएं। लाल की जगह भोजन में हरी मिर्च का सेवन करें।



**डॉ. अनीष व्यास**
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# जनवरी महीने में 5 ग्रह राशि परिवर्तन



नया साल का पहला महीना यानी जनवरी कई राशि के जातकों के लिए शानदार रहने वाला है। इस महीने में कई ग्रह राशि परिवर्तन करने वाले हैं। ग्रहों के राशि परिवर्तन से राशि चक्र की सभी राशियों पर और शुभ-अशुभ ग्रहों की स्थिति के अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इससे कई राशि के जातक लाभान्वित होंगे। वहीं, कई राशि के जातकों को बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

### बुध ग्रह राशि परिवर्तन

ग्रहों के राजकुमार बुध देव नए साल के पहले सप्ताह में राशि परिवर्तन करेंगे। बुध देव 04 जनवरी वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में गोचर करेंगे। बुध देव धनु राशि में कुल 20 दिनों तक रहेंगे। इसके बाद मकर राशि में गोचर करेंगे। बुध देव 24 जनवरी को मकर राशि में गोचर करेंगे।

### सूर्य ग्रह राशि परिवर्तन

हर वर्ष सूर्य देव के राशि में गोचर करने की तिथि पर मकर संक्रांति मनाई जाती है। अगले साल सूर्य देव 14 जनवरी को धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में सूर्य देव के गोचर करने के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा। इससे कई राशि के जातकों के में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके साथ ही मन के कारक चंद्र देव हर दो दिनों पर राशि परिवर्तन करेंगे।

### मंगल ग्रह राशि परिवर्तन

ऊर्जा के कारक मंगल देव अगले साल के पहले महीने में राशि परिवर्तन करेंगे। मंगल देव 21 जनवरी को मिथुन राशि में गोचर वर्तमान समय में मंगल देव कर्क राशि में विराजमान हैं। मंगल देव के मिथुन राशि में गोचर करने से कई राशि के जातकों को लाभ प्राप्त होगा।

### शुक्र ग्रह राशि परिवर्तन

सुखों के कारक शुक्र देव 28 जनवरी को राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन शुक्र देव कुंभ राशि से मीन राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में शुक्र देव 30 मई तक रहेंगे। इसके अगले दिन शुक्र देव मीन राशि में गोचर करेंगे। शुक्र देव के राशि परिवर्तन से मीन राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ होगा।

# सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी को

## मकर राशि में होगा प्रवेश

सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 7 बजकर 59 मिनट पर सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होगा। ज्योतिष के जानकारों के अनुसार, जब सूर्य का प्रवेश दिन में हो या सुबह सूर्योदय के तीन मुहूर्त के आसपास हो, तो मकर संक्रांति का अनुक्रम बनता है। धर्मशास्त्र की इसी मान्यता के अनुसार, 14 तारीख को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। मोक्षदायिनी शिप्रा में पर्व स्नान होगा। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया, सूर्य के राशि परिवर्तन को सूर्य की संक्रांति



कहा जाता है। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो इसे मकर संक्रांति कहा जाता है।

### सूर्य की मकर संक्रांति शुभ

सूर्य सिद्धांत की मान्यता के अनुसार, 14 जनवरी मंगलवार को पुनर्वसु नक्षत्र, विषकुंभ योग एवं बालव करण तथा कर्क राशि के चंद्रमा की साक्षी में सूर्य देवता का धनु राशि को छोड़कर के मकर राशि में प्रवेश करेंगे।

मकर राशि में प्रवेश होते ही सूर्य की मकर संक्रांति कहलाएगी। यह समय सुबह 7.59 पर होगा। सूर्य के मकर में प्रवेश करते ही खरमास का समापन होगा तथा उत्तरायण का पक्ष आरंभ हो जाएगा। मांगलिक कार्य आरंभ होंगे। मकर संक्रांति का पर्व काल होने से यह स्नान, दान, तर्पण, पितरों के निमित्त श्रद्धा व्यक्त करने का दिवस है। इस दिन अन्नदान, वस्त्रदान करने का विशेष महत्व है।

तांबा, चांदी अथवा सोने के कलश में काले तिल भरकर के दान करने का महत्व भी बताया गया है। इस दिन जल में काले तिल डालकर स्नान करने से गरीबी दूर होती है तथा रोग, दोष समाप्त होते हैं।

### व्यापार में उतार चढ़ाव, भारत लाए जा सकते हैं वन्यप्राणी


शास्त्रीय गणना व सूर्य सिद्धांत में संक्रांति के शुभ अशुभ फल में वाहन का विशेष महत्व होता है। इस बार संक्रांति का वाहन व्याघ्र तथा उप वाहन अश्व रहेगा। व्याघ्र पर सवार होकर आ रही संक्रांति वन्य प्राणियों के लिए विशेष प्रभावी रहेगी। इससे बाघ व कूनों में चीतों की संख्या में वृद्धि होगी। अन्य देशों से नए वन्यप्राणी भारत लाए जा सकते हैं। प्राणियों के जीवन पर कुछ संकट की स्थिति भी बन सकती है।

**तिल के उबटन से स्नान करेंगे महाकाल ज्योतिर्लिंग**

महाकाल मंदिर में मकर संक्रांति पर तड़के 4 बजे भस्म आरती में पुजारी भगवान महाकाल को तिल के उबटन से स्नान कराएंगे। तिल युक्त जल से भगवान का अभिषेक होगा। भगवान को गुड़ तिल्ली के पकवानों का भोग लगाकर आरती की जाएगी। सांदीपनि आश्रम में भी तिल युक्त जल से भगवान श्रीकृष्ण व सांदीपनि मुनि का अभिषेक किया जाएगा। भगवान को तिल के पकवानों को भोग लगाया जाएगा। हरि हर के आंगन में पतंग से सज्जा की जाएगी।

# अभी बंद है शहनाइयों का शोर

## मकर संक्रांति से हर दूसरे दिन शादी के शुभ मुहूर्त



पौष के साथ खरमास 15 दिसंबर से शुरू हो जाने के कारण एक माह के लिए मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। इससे शादी की शहनाइयों का शोर कुछ समय के लिए थम गया है।

खरमास की समाप्ति पर अब मांगलिक कार्य मकर संक्रांति से शुरू होंगे। खरमास मलमास भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, खरमास का महीना तब शुरू होता है, जब सूर्य देव बृहस्पति की राशि धनु या मीन में प्रवेश करते हैं।

यह मास आत्मिक जागरण के लिए उत्तम माना जाता है। जनवरी माह के अंतिम पखवाड़े में हर दूसरे दिन विवाह हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि अब 15 जनवरी तक विवाह नहीं होंगे।

मलमास के बाद पहला विवाह मुहूर्त 16 जनवरी को है। खरमास के बाद जनवरी से लेकर जून तक के विवाह मुहूर्त हैं। जनवरी में 16, 19, 20, 23, 24, 29 और 30 तारीख को शुभ में विवाह होंगे।



फरवरी से जून माह के लिए विवाह मुहूर्त-फरवरी में 2, 3, 6, 7, 16, 19, 20, 21, 24, 26. मार्च में 2, 3, 6, 7. अप्रैल में 16,18,20,21,23,25,30. मई के महीने में 1, 7, 8, 9, 11, 18, 19, 22, 23, 25, 28 और जून के में 1, 2, 4 और 6 जून को शुभ मुहूर्त हैं।

गृह प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त

अगर आप नए घर में प्रवेश करना चाहते हैं, तो इसके लिए फरवरी में 3, 6, 7, 9 और 10 तारीख का मुहूर्त शुभ है। इसके अलावा मार्च में 6,8 और 10 का शुभ मुहूर्त है। मई में 3,7,8,9 और 10 मई को आप गृह प्रवेश कर सकते हैं। जून में 4, 5, 6 और 7 जून शुभ मुहूर्त है।

### उपनयन के शुभ मुहूर्त

फरवरी : 3 और 7 तारीख

मार्च : 2, 9, 10

अप्रैल : 7 और 8

मई 2, 7, 8, 9

जून : 5 और 6 तारीख शुभ है।

### गृहारम्भ शुभ मुहूर्त

अगर आप भूमि पूजन करवाने के बाद अपने गृह कार्य को शुरू करना चाहते हैं, तो इसके लिए फरवरी में 8 और 15 तारीख शुभ मुहूर्त है. मार्च में 10 तारीख, अप्रैल में 16, में 3,8 और 10 तारीख और जून में 5, 6 और 7 तारीख से गृहारम्भ कर सकते हैं।

# निमरत कौर ने मनाया विश्व साड़ी दिवस

## कहा– हर साड़ी एक कहानी कहती है

विश्व साड़ी दिवस के अवसर पर शनिवार को अभिनेत्री निमरत कौर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें वह एक खूबसूरत काली साड़ी में दिखाई दे रही हैं। अलग-अलग पोज देते हुए अभिनेत्री ने खुद के वीडियो भी शेयर किए। अभिनेत्री ने तस्वीरों के साथ लिखा, हर साड़ी एक कहानी कहती है। क्या आप मेरी कहानी पढ़ सकते हैं? अभिनेत्री कौर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक फैन ने लिखा, सुंदरता। दूसरे फैन ने कहा, कितनी प्यारी फोटो है! विश्व साड़ी दिवस हर साल 21 दिसंबर को मनाया जाता है, जो साड़ी की सुंदरता, सांस्कृतिक महत्व और स्थायी विरासत के लिए वैश्विक स्तर पर समर्पित है। यह दिन दुनिया भर के लोगों को साड़ी का सम्मान करने के लिए एक साथ लाता है, एक ऐसा परिधान जो सदियों से भारतीय परंपरा का प्रतीक है।

पिछले कुछ हफ्तों से अभिनेत्री दसवीं के सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ अपने कथित लिंकअप की अफवाहों के कारण सुर्खियों में हैं। हालांकि, बच्चन परिवार के एक करीबी सूत्र ने अफवाहों को तुरंत खारिज करते हुए उन्हें शरारती, दुर्भावनापूर्ण और पूरी तरह से बकवास बताया।

अभिनेत्री को आखिरी बार फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो में देखा गया था, जहां उन्होंने बेला बरोट का किरदार निभाया था। मिखिल मुसले द्वारा निर्देशित मिस्ट्री थ्रिलर में राधिका मदान, भाग्यश्री और सुबोध भावे भी हैं। कथित तौर पर कौर को अक्षय कुमार, सारा अली खान और वीर पहारिया अभिनीत आगामी फिल्म स्काई फोर्स में एक महत्वपूर्ण भूमिका में लिया गया है। वह इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगी, जो अगले साल रिलीज होने वाली है।



# बंदिश बैंडिट्स की स्क्रिप्ट ने शीबा चड्ढा को याद दिलाया उनका बचपन



अभिनेत्री शीबा चड्ढा ने सीरीज 'बंदिश बैंडिट्स' से अपने जुड़ाव की दास्तान शेयर की है। उनके मुताबिक इसका नाता उनके बचपन से है।उन्होंने बताया कि शास्त्रीय संगीत के प्रति उनके प्यार ने शो की कहानी के साथ उनके जुड़ाव को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने बचपन को याद करते हुए, शीबा ने बताया कि कैसे उनका पालन-पोषण पारंपरिक संगीत के माहौल में हुआ, जबकि उनके दोस्त पॉपुलर डिस्को कल्चर में रत थे।

उन्होंने बताया कि पारंपरिक संगीत हमेशा से ही उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है, जिसने उन्हें छोटी उम्र से ही गहराई से प्रभावित किया है।शीबा ने बताया, दिल्ली में पली-बढ़ी होने के बावजूद में हमेशा से ही कला की ओर आकर्षित रही। संस्कृति वास्तव में अविश्वसनीय संगीतकारों और नर्तकियों के साथ जीवंत हो जाती थी। मैंने कुछ समय के लिए ओडिसी नृत्य भी सीखा।

उन्होंने कहा, शास्त्रीय संगीत के प्रति मेरे प्यार ने संगीत सुनने के मेरे तरीके को आकार दिया। जबकि मेरे कई दोस्त डिस्को संगीत के प्रशंसक थे, मगर मैं अपनी बहन के साथ घर पर पारंपरिक संगीत सुनकर बड़ी हुई। शास्त्रीय संगीत के साथ मेरा हमेशा से ही गहरा जुड़ाव रहा है, इसलिए जब आनंद बंदिश बैंडिट्स की स्क्रिप्ट लेकर आए, तो यह मुझे खास लगी।'' 'बंदिश बैंडिट्स सीजन 2' में शीबा मोहिनी की भूमिका निभा रही हैं। अमृतपाल सिंह बिंद्रा और आनंद तिवारी द्वारा निर्मित यह शो लियो मीडिया कलेक्टिव प्राइवेट लिमिटेड प्रोडक्शन है। लेखन टीम में आनंद तिवारी, आत्मिका डिडवानिया और करण सिंह त्यागी शामिल हैं। नए सीजन में ऋत्विक भौमिक, श्रेया चौधरी, अतुल कुलकर्णी, राजेश तैलंग और कुणाल रॉय कपूर सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं, साथ ही दिव्या दत्ता, रोहन गुरबक्सानी, यशस्विनी दायमा, आलिया कुरैशी और सौरभ नैय्यर जैसे नए कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। बंदिश बैंडिट्स सीजन 2 वर्तमान में भारत और दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है। शीबा चड्ढा कई लोकप्रिय शो में भी दिखाई दी हैं, जिनमें 'ना आना इस देस लाडो', 'कितनी मोहब्बत है ', 'कहानी सात फेरों की,' 'कुछ तो लोग कहेंगे', और 'लाखों में एक' शामिल हैं। उन्होंने 'बधाई दो' और ''डॉक्टर जी' जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

# मेरे लिए साड़ी पहनना अपनी भावनाएं जाहिर करने का तरीका बन गया है : काम्या पंजाबी


टीवी स्टार काम्या पंजाबी ने विश्व साड़ी दिवस के अवसर पर कहा कि नौ गज की साड़ी पहनना उनके लिए 'खुद को एक्सप्रेस' करने का तरीका बन गया है। काम्या ने कहा, मैं देश भर के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए बहुत यात्रा करती हूं और जहां भी जाती हूं, लोग हमेशा मेरी साड़ियों को देखते हैं और उनकी तारीफ करते हैं। पारंपरिक भारतीय परिधान के सम्मान में हर साल 21 दिसंबर को विश्व साड़ी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें उनकी साड़ी स्टाइल और उसे पहनने के तरीके के लिए प्रशंसा भी मिलती है।



टीवी शो इश्क जबरिया में नजर आने वाली अभिनेत्री ने कहा, वह मेरी साड़ी स्टाइल, ब्लाउज पैटर्न, साड़ी पहनने के तरीके और यहां तक कि मेरे बालों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पिन जैसी छोटी-छोटी चीजों की भी प्रशंसा करते हैं। उनकी प्रशंसा मेरे लिए बहुत मायने रखती है और यही मुझे हर बार साड़ी पहनने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने आगे कहा, साड़ी पहनना मेरे लिए खुद को एक्सप्रेस (भावनाएं जाहिर) करने और लोगों से जुड़ने का तरीका बन गया है। उन्हें यह आश्चर्यजनक लगता है कि कैसे एक साड़ी यादें बना सकती है। एक्ट्रेस ने कहा, यह आश्चर्यजनक है कि कैसे एक साधारण साड़ी बातचीत को बढ़ावा दे सकती है और यादें बना सकती है। मुझे मिलने वाली तारीफें नए स्टाइल तलाशने और इस खूबसूरत परंपरा को और भी अधिक संजोने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। बता दें कि काम्या ने इश्क जबरिया में मोहिनी का किरदार निभाया है, जो लक्ष्य खुराना द्वारा निभाए गए आदित्य की मौसी हैं। यह टीवी शो सिद्धि शर्मा द्वारा निभाए गए गुलकी के दिल को छू लेने वाले सफर पर आधारित है। यह टीवी शो सन नियो पर टेलिकास्ट होता है। काम्या कॉमेडी शो कॉमेडी सर्कस के दूसरे सीजन का भी हिस्सा थीं और उन्होंने बिग बॉस 7 में भाग लिया था, जिसे एक्ट्रेस गौहर खान ने जीता था।

# अनन्या पांडे की नई फिल्म चांद मेरा दिल का ऐलान




पिछली बार अभिनेत्री अनन्या पांडे को फिल्म सीटीआरएल में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब अनन्या ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम चांद मेरा दिल है। इस फिल्म में अनन्या की जोड़ी किल के अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ बनी है।यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार पहली बार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।चांद मेरा दिल के निर्देशन की कमान विवेक सोनी ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।धर्मा प्रोडक्शंस ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है।चांद मेरा दिल से अनन्या और लक्ष्य की पहली झलक भी सामने आ चुकी है, जिसमें दोनों का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है।अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की चांद मेरा दिल फिल्म के 4 पोस्टर सामने आए है। जिसमें से एक पोस्टर में, अनन्या और लक्ष्य एक स्वेटर के पीछे अपना मुंह छुपाए हुए दिख रहे हैं। इसके बाद दूसरे पोस्टर में दोनों अपना क्वालिटी टाइम बिताते दिखाई दिए हैं। जिसमें लक्ष्य अनन्या के कंधे पर अपना सिर रखे मुस्कुराते नजर आए हैं। जबकि तीसरे और चौथे पोस्टर में इस नए कपल की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। चांद मेरा दिल का निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं। वहीं, फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं। जबकि फिल्म में लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म के रिलीज डेट की बात करें तो यह फिल्म अगले साल 2025 में रिलीज होगी। हालांकि, कब इसकी जानकारी मेकर्स ने साझा नहीं की है।ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की तरह यह फिल्म भी हिट होती है या नहीं।

# फ्लोरल लहंगे में अमायरा दस्तूर ने दिखाया ग्लैमरस अवतार



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन अपने बोल्ड और एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर बरपाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में अमायरा की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छा गई हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। बता दें कि अमायरा दस्तूर अपने हर एक लुक में कहर बरपाती हैं फिर चाहे वो वेस्टर्न हो या एथनिक उनका हर एक लुक कमाल का है।अमायरा दस्तूर की इन फोटोड में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर का फ्लोरल लहंगा पहना हुआ है और साथ ही स्लीवलेस ब्लाउज और फ्लोरल लुक में दुपट्टा भी कैरी किया है। एक्ट्रेस अपने इस ट्रेडिशनल लुक में बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं।गले में नेकलेस, खुले बाल और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका कातिलाना अवतार फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- यू लुक सो ब्यूटिफुल। दूसरे यूजर ने लिखा है- गुड लुकिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- लुकिंग गॉर्जियस इन दिस लुक। ऐसे ही लोगो एक के बाद एक रिएक्शंस दे रहे हैं।

# मैंने बेबी जॉन में बॉडी डबल का कम किया इस्तेमाल, खुद किए स्टंट : वरुण



बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन रिलीज के लिए तैयार है। एक्टर ने अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए स्टंट सीन को लेकर खुलासा किया है। वरुण धवन ने कहा कि उन्होंने बॉडी डबल का कम इस्तेमाल किया और अधिकतर स्टंट खुद किए हैं।वरुण ने कहा, इस फिल्म में एक्शन का पैमाना बहुत बड़ा है और मैंने बॉडी डबल की कम से कम मदद ली। मैंने लगभग सभी स्टंट खुद किए हैं। कलीज के साथ काम करना एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने मुझे हर दिन अपनी शारीरिक सीमाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फिल्म के एक सीन के बारे में बात करते हुए बताया कि सबसे मुश्किल सीन में से एक में उन्हें छह घंटे से अधिक समय तक उल्टा लटका रहना था, जिसने उनकी परीक्षा ली।




एक्टर ने आगे कहा, मुझे याद है कि एटली ने एक बार हमें सुरक्षा को प्राथमिकता देने और परफेक्शन की तलाश में जोखिम नहीं लेने के लिए कहा था। यह एक कठिन लेकिन संतोषजनक यात्रा रही।

कलीज के डायरेक्शन में बनी बेबी जॉन के निर्माताओं ने इस फिल्म के सीन को कोरियोग्राफ करने के लिए आठ अंतर्राष्ट्रीय एक्शन निर्देशकों की एक टीम को शामिल किया है।

इन आठ एक्शन डायरेक्टरों अनल अरासु, स्टंट सिल्वा, अनबरीव, यानिक बेन, सुनील रोड्रिग्स, कालोयन वोडेनिचरोव, मनोहर वर्मा, ब्रॉनविन ने फिल्म में आठ बड़े एक्शन सीन्स को कोरियोग्राफ किया है। एक्शन डायरेक्टरों को एक साथ लाने के बारे में बात करते हुए कलीज ने कहा, हम भाग्यशाली थे कि हमें आठ प्रसिद्ध एक्शन निर्देशकों की एक टीम मिली, जिनमें से प्रत्येक ने अलग-अलग और एक्शन सीन्स को तैयार करने में अपनी अनोखी विशेषज्ञता इस्तेमाल किया। भारत और विदेश दोनों देशों के बेहतरीन एक्शन डायरेक्टरों के साथ मिलकर काम करना एक बड़ा सौभाग्य था।

# महाराजा ने बाहुबली 2 को पछाड़ा

## चीन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली साउथ फिल्म बनी

विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप की फिल्म महाराजा को 20 नवंबर, 2024 को चीन में रिलीज किया गया था और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। आए दिन यह फिल्म कोई न कोई रिकॉर्ड भी तोड़ रही है।अब महाराजा ने एक महीने के भीतर प्रभास की फिल्म बाहुबली 2: द कन्क्लूजन को पछाड़ दिया है।

इसी के साथ यह चीन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म बन गई हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, महाराजा ने अब तक चीन में 85.75 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया हैं।इन आंकड़ों के साथ यह चीन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म बन चुकी हैं। पहले इस स्थान पर 80.50 करोड़ रुपये के साथ बाहुबली 2 ने कब्जा किया हुआ था।इसके अलावा महाराजा चीन में 10वीं सबसे बड़ी भारतीय फिल्म भी बन गई है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते है।

महाराजा 14 जून को भारत में रिलीज हुई थी और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। 20 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 110 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया।इस फिल्म में ममता मोहनदास और नटराजन सुब्रमण्यम जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है। इसका निर्देशन निथिलन समिनाथन ने किया है।बता दें विजय इन दिनों फिल्म विदुथलाई 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाली सखियों और दीदियों को सीएम ने दिया प्रमाण पत्र

### 7405 महिला स्वयं सहायता समूहों को मिली 242.30 करोड़ सहायता राशि

# हर महिला में है सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य : योगी

**गोरखपुर, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर महिला में सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य है। महिलाओं के लिए काम की भी कोई कमी नहीं है। जरूरत एक फील्ड का चयन कर उसके अनुरूप प्रशिक्षण लेकर खुद को तैयार करने और परिश्रम व पूरी तन्मयता से आगे बढ़ने की है।

सीएम योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था और इस संस्था द्वारा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बीसी सखियों, लखपति दीदियों, नमो ड्रोन दीदियों और बैंक सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के अलावा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी 7405 महिला स्वयं सहायता समूहों को 242.30 करोड़ रुपए की सहायता राशि का हस्तांतरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी की उपेक्षा करके कोई भी समाज सशक्त और समर्थ नहीं हो सकता है। देश और समाज के विकास तथा इसे सशक्त और शक्तिशाली बनाने के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना ही होगा। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता की सभी जय जयकार करते हैं और विफलता को दुत्कारते हैं। जन्म सफलता के लिए हुआ है, दुत्कारने के लिए नहीं। जब हम सही दिशा में अच्छा कार्य करेंगे तो सफलता के साथ सराहना भी मिलेगी। इसलिए





सही दिशा में बढ़ें और कभी असफलता मिले तो उसकी समीक्षा कर कमियों को दूर करें। याद रखना होगा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। सही दिशा में किए गए परिश्रम से ही सफलतम कहानियां लिखीं जाती हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन यानी नारी सशक्तिकरण का नया दौर शुरू हुआ है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना हो, नारी वंदन, या फिर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मातृ वंदना योजना, ये सभी महिला सशक्तिकरण के लिए ही हैं। पहली बार स्वतंत्र भारत मे महिलाओं को यह अनुभव हुआ कि उनके नाम पर योजनाएं बनी हैं और इसका लाभ भी उन्हें प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर बने शौचालय नारी गरिमा के प्रतीक हैं तो मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन नारी सम्मान और समर्थ नारी का अभियान। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि आगामी 27 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के 40 लाख परिवारों को पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके पहले प्रदेश के 60 लाख परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज लोकार्पित श्री बाबा गोरखनाथ दुग्ध उत्पादक संस्था से जुड़ी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए खास तौर पर प्रेरित किया।

सीएम योगी ने इसके लिए बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में बुंदेलखंड जैसे सूखे क्षेत्र में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी को सिर्फ पांच महिलाओं ने शुरू किया था। आज इसके 71 हजार शेयरहोल्डर हैं और इसके जरिये प्रतिदिन 2.5 लाख लीटर दूध का कलेक्शन होता है।

इस कम्पनी ने 1225 करोड़ रुपए का टर्नओवर करके 24 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी तो पूर्वांचल के हरियाली जैसे क्षेत्र में है। अभी इसके 12926 शेयरहोल्डर हैं और प्रतिदिन 33 हजार लीटर दूध का कलेक्शन हो रहा है। मेहनत करें, शेयरहोल्डर बढ़ाएं, लोगों को पशुपालन के लिए प्रेरित करें, गांव-गांव दुग्ध संग्रह समितियां बनाएं। ऐसा करेंगे तो श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का सामर्थ्य प्रतिदिन 3 लाख लीटर दूध के कलेक्शन का होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एनआरएलएम की मिशन निदेशक को निर्देशित कि श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी से जुड़ी महिलाओं को बलिनी का दौरा कराकर प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में अद्भुत कार्य कर सकती है। सीएम ने बताया कि वाराणसी में गठित काशी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी में 30 हजार शेयरहोल्डर हैं तथा यहां प्रतिदिन 1 लाख लीटर दूध का कलेक्शन हो रहा है। इसके साथ ही आगरा की सामर्थ्य मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी 3 लाख लीटर दूध का संग्रह कर उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी के अलावा गीडा में शुरू होने जा रही रेडीमेड गारमेंट की फ्लैटेड फैक्ट्री में भी महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण लेकर फ्लैटेड फैक्ट्री में कपड़ा सिलाई का काम कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उत्कृष्ट कार्य कर स्वावलंबन की नई कथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन का प्रशिक्षण लेकर नमो ड्रोन दीदी खेतों में एक दिन में होने वाले कीटनाशक छिड़काव का काम एक घण्टे में कर दे रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 204 ब्लॉकों में पुष्टाहार का उत्पादन टेक होम राशन प्लांट लगाकर समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समूहों को और आगे बढ़ाने के लिए आज गोरखपुर मंडल में 186 ग्राम संगठनों को 1.39 करोड़ रुपए, 1146 समूहों को 3.44 करोड़ रुपए का रिवॉल्विंग फंड, 1530 समूहों को 22.95 करोड़ रुपए की सामुदायिक निवेश निधि, 3270 समूहों को 196 करोड़ रुपए की सीसीएल क्रेडिट लिंकेज, 557 ग्राम संगठनों को 8.34 करोड़ रुपए आपदा निवारण निधि, छह इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर को 30 लाख रुपए तथा प्रेरणा कैफे के लिए 8 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत और वितरित की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि महिला भी सपना देखती है और उसके सपनों की हत्या नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए हर तरह का प्रोत्साहन दे रहे हैं।

वह आधी आबादी के सपनों में हकीकत का रंग भर रहे हैं। रविकिशन ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन पीएम मोदी और सीएम योगी की प्राथमिकता है। मुफ्त आवास योजना हो, हर घर शौचालय या फिर स्वावलंबन की अनेक योजनाएं, सबके केंद्र में महिलाएं ही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आजीविका मिशन में साढ़े आठ लाख समूहों से प्रदेश की 96 लाख महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर हैं। 40 हजार महिलाएं बीसी सखी के रूप में तथा 24 हजार महिलाएं विद्युत सखियों के रूप में महत्वपूर्ण सेवा कार्य कर रही हैं।

महिलाएं टेक होम राशन प्लांट चलाने के साथ राशन की दुकानों का भी सफल संचालन कर रही हैं। महिलाओं द्वारा संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी की सफलता को देखकर सीएम योगी के निर्देश पर तीन अन्य दुग्ध कम्पनियों को स्थापित किया गया है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

**गैर कानूनी कृत्यों के कारण मुश्किल में पड़े सपा सांसद बर्क**

## बिना नक्शा पास कराए निर्माण पर चला बुलडोजर

**संभल, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उनके खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई हो रही है। बृहस्पतिवार को बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उन पर 1.19 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद शुक्रवार को उनके घर के बाहर प्रशासन का बुलडोजर चला। घर के बाहर नाली पर बनी सीढ़ियां और स्लैब तोड़ दिए गए।



प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था खड़ी रही। ड्रोन से निगरानी की गई। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। पुलिस की ओर से हिंसा करने के लिए सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को आरोपी बनाया गया है। उनपर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। इसके बाद से सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

प्रशासन में बीते मंगलवार को बिजली चोरी का शक जताते हुए उनके घर पर डिजिटल मीटर लगाया। उसके बाद बृहस्पतिवार को बिजली विभाग की टीम ने उनके घर पर बिजली उपकरणों की जांच की। बिजली एसई विजय कुमार गुप्ता ने दावा किया कि उनके घर पर दो-दो किलोवाट के दो मीटर लगे हैं। जबकि उनके घर में मौजूद बिजली उपकरणों की क्षमता 16 किलोवाट से अधिक है। इस मामले में बिजली विभाग की ओर से सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं, उनके पिता ममलुकूर्रहमान बर्क पर बिजली अधिकारी-कर्मचारियों को धमकाने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और अभद्रता करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लेकिन, शुक्रवार को फिर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की।

पुलिस फोर्स के साथ पहुंची प्रशासनिक टीम ने उनके घर के बाहर अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान नाली पर बनी सीढ़ियां और स्लैब को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन का दावा है कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के बाहर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण किया गया है। लगातार हो रही कार्रवाई में से स्पष्ट है कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क प्रशासन के निशाने पर है। उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं।

---

**संकट में होती है व्यक्ति और संस्थान की पहचान**

## कोई बिखर जाता है तो कोई निखर जाता है : योगी

**केजीएमयू के 120वें स्थापना दिवस समारोह में बोले मुख्यमंत्री**

**67 मेधावी छात्र मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किए गए**







**लखनऊ, 21 दिसंबर (एजेंसियां)** संकट में हर व्यक्ति और संस्थान की पहचान होती है। जब अचानक कोई चुनौती आती है तो लोग बड़े-बड़े दावे करके मैदान छोड़ भाग जाते हैं। यह वह समय होता है, जब कोई बिखर जाता है और जो चुनौतियों का सामना करता है वो निखर जाता है। हमें बिखरना नहीं है।

केजीएमयू के गौरव को बढ़ाना है। ध्यान रहे कि कोई भी मरीज निराश न जाए। सीएम ने कहा कि संस्थान नई-नई सेवाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 1905 में जब मेडिकल कॉलेज खुलने की बात आई होगी तो उस समय रियासतों ने सहयोग किया होगा। 10 लाख 75 हजार 800 रुपए से मेडिकल कॉलेज शुरू हो गया। वहीं संस्थान आज अपनी शानदार यात्रा के साथ देश के सबसे बड़े मेडिकल संस्थान के रूप में अग्रणी चिकित्सा संस्थान के रूप में लगातार आगे बढ़ रहा है। आज केजीएमयू का दायरा लगभग 100 एकड़ के क्षेत्रफल में होने जा रहा है। यह शानदार सफर ऐसे ही आगे बढ़ता रहेगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को केजीएमयू के 120वें स्थापना दिवस समारोह में 67 मेधावी छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शासन ने संस्थान को सब कुछ दिया है। हमारे पास पैसों की कमी नहीं है। हमें सेवाओं को बेहतर बनाने के बारे में सोचना चाहिये। संस्थान को अगले 100 वर्ष का गोल सेट करके आगे बढ़ना होगा, ताकि संस्थान के गौरव को और आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान केजीएमयू में मिसाल पेश की है। सीएम ने कहा कि एक मेडिकल कॉलेज के कुछ डॉक्टरों ने खुद को क्वारंटीन कर लिया था, लेकिन जांच में वह निगेटिव मिले। इस पर उन्हें निलंबित कर दिया गया जबकि केजीएमयू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी तत्परता से काम किया। परिणाम हम सभी के सामने हैं। उन्होंने कहा कि यहां मेडिकल की सबसे अधिक सीटें हैं, जहां पर छात्र पढ़ाई करके आने वाले समय में चिकित्सा संस्थान की उपलब्धियों को और भी आगे लेकर जाएंगे।

सरकार ने भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक मशीनों और लैब के लिए 300 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इसके अलावा 377 करोड़ रुपए से सर्जरी डिपार्टमेंट की एक नई बिल्डिंग के लिए स्वीकृत की है। वहीं फायर सिक्योरिटी के लिए लगभग 46 करोड़, लारी कार्डियोलॉजी के विस्तार के लिए 70 करोड़ रुपए दिए हैं।

सीएम योगी ने संस्थान के चिकित्सकों को मरीजों की स्क्रीनिंग, वर्चुअल आईसीयू, टेलीमेडिसिन की सुविधा शुरू करने पर विचार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है, इलाज में पैसा समस्या नहीं है। दिनचर्या से आज मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। दूसरी बीमारी स्मार्ट फोन बन गई है। इसके लिए मानसिक रोग विभाग का विस्तार किया जाना चाहिये। साथ ही इसे रोकने के लिए जागरूकता फैलानी होगी। सीएम ने कार्डियक सर्जरी, किडनी- आर्गन ट्रांसप्लांट के साथ डोनेशन पर तेजी के साथ विस्तार करने की अपील की। बोले-इसके बारे में लोगों के मन में एक चेतन को जाग्रत करने की आवश्यकता है। उन्हें बताने की आवश्यकता है कि कोई व्यक्ति अगर ब्रेन डेड हो गया है और उसके अंग अगर किसी दूसरे व्यक्ति की जान को बचा सकते हैं तो डोनेट करने में क्या बुराई है। इसे लेकर केजीएमयू को अवेयरनेस कैंप, विभिन्न कार्यक्रम, होर्डिंग और पंफलेट आदि के जरिये जागरूकता की ओर ध्यान देना चाहिए। सीएम ने कहा कि सेंटर फॉर एक्सीलेंस विभाग का पैसा खर्च नहीं हो पाता है। इस ओर ध्यान देना होगा। सीएम ने कहा कि डॉक्टरों के लिए सबसे बड़ी पूंजी उनकी संवेदना होती है। सबके निरोग होने की कल्पना के साथ डॉक्टर का व्यवहार ठीक होगा तो बाकी स्टाफ का काम और व्यवहार भी ठीक होगा। बीमारी चली जाती है, लेकिन व्यवहार याद रहता है। ऐसे में सेवा और शिक्षा दोनों फील्ड में यह मानक तय करने होंगे।

---

# महाकुंभ-2025 : पुख्ता किया जा रहा महाकुंभ मेला का सुरक्षा तंत्र

**महाकुंभनगर, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।** तीर्थराज प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ-2025 महापर्व को सफल बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा सभी परियोजनाओं के क्रियान्वयन व पूर्ति की प्रक्रियाओं में तेजी लाई गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार, इस बार महाकुंभ दिव्य-भव्य होने के साथ ही डिजिटल भी होने जा रहा है। ऐसे में, सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत महाकुंभ मेला में एडवांस्ड एआई डाटा ड्रिवन डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इस सिस्टम को लागू करने से महाकुंभ पुलिस का सर्विलांस कई गुना अधिक प्रभावी और मजबूत हो जाएगा। इससे सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत भीड़ प्रबंधन समेत विभिन्न पहलुओं की विवेचना करते हुए घटनास्थल व चिन्हित क्षेत्रों के रियलटाइम डाटा को एनालाइज कर प्रभावी स्ट्रैटेजी बनाने में मदद मिलेगी।



महाकुंभ मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एडवांस्ड एआई डाटा ड्रिवन डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया निर्धारण को लेकर कार्य शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया को पूरा करने तथा सर्विलांस के लिए एक विशिष्ट टीम का गठन होगा जो इस सिस्टम को लागू करने, प्रत्येक पुलिसकर्मियों व सुरक्षा स्टाफ को ट्रेंड करने तथा विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट्स के निर्धारण व निर्माण में मददगार साबित होगा। यह सिस्टम महाकुंभ पुलिस ऐप के बाद सुरक्षा व स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ रही उत्तर प्रदेश पुलिस की एक और बड़ी सफलता होगी। एसएसपी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस सिस्टम से पुलिस का सर्विलांस और अधिक मजबूत हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही मेला संचालन के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जा सकेगी।

प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेला 2025 में 40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री शामिल होंगे, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े समारोहों में से एक बन जाएगा। इस तरह के विशाल आयोजन से भारी मात्रा में डाटा उत्पन्न होगा, जिसके लिए प्रभावी भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुरक्षा व संरक्षा के लिए गहन विश्लेषण की आवश्यकता होगी। इसी क्रम में, प्रयागराज मेला पुलिस महाकुंभ मेला-2025 की अवधि के लिए एक विशिष्ट टीम का गठन करेगी जो बड़े डाटासेट पर एआई व मेटा डाटा आधारित बिग डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम का निर्माण व संचालन करेगी ताकि आयोजन का सुरक्षित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके तथा अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाया जा सके। इसी को ध्यान में रखकर बिग डाटा एनालिटिक्स समाधान उपलब्ध कराने के लिए एआई युक्त सिस्टम का विकास किया जा रहा है। यह सिस्टम डाटा के पैमाने को देखते हुए, वास्तविक समय के डाटा विश्लेषण व कई डाटा स्रोतों में सहज संरक्षण व विवेचना क्षमताओं वाला एक मजबूत आधार बनेगा। टीम द्वारा बिग डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम के निर्माण व संचालन के साथ ही प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना होगा। इस सिस्टम को महाकुंभ 2025 की शुरुआत के पहले टेस्टिंग फेज पूरा करने के बाद डिप्लॉय कर दिया जाएगा।

डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन का उद्देश्य बड़े पैमाने पर डाटा सेटों को वास्तविक समयबद्ध विश्लेषण को सक्षम करना है, जिससे महाकुंभ के दौरान प्रभावी भीड़ प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा की सुविधा मिल सके। इसका उद्देश्य अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाना, समय पर संभावित खतरे का पता लगाना तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी उत्पन्न करना है।



# बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले जडेजा ने कहा शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत

**मेलबर्न, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले कहा कि भारत के शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत है।

पर्थ में सीरीज के पहले मैच में दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन के अलावा भारत का शीर्ष क्रम एडिलेड और ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने संघर्ष करता नजर आया है। जब से सीरीज पर्थ से बाहर गई है, तब से अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की भागीदारी चोट के कारण सीमित हो गई है। हेजलवुड एडिलेड टेस्ट से चूक गए और सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान चोटिल होने के बाद मैदान पर नहीं उतरे। ऑस्ट्रेलिया के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी के बावजूद भारतीय शीर्ष क्रम लगातार रन बनाने में विफल रहा है। केएल राहुल (77) और यशस्वी जायसवाल (161) की 201 रनों की ओपनिंग साझेदारी और पर्थ में विराट कोहली के नाबाद शतक के बाद शीर्ष क्रम कमजोर नजर आया है। जायसवाल लगातार मिशेल स्टार्क का शिकार रहे हैं, जबकि कोहली ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों से जूझते रहे हैं। हालांकि, राहुल तीनों में सबसे अधिक संयमित दिखे हैं। जडेजा ने मेलबर्न में संवाददाताओं से कहा, शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत है। यदि शीर्ष क्रम रन नहीं बनाता है, तो निश्चित रूप से मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों पर दबाव होता है। जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। एक टीम के रूप में, हमें शीर्ष क्रम से अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में, यदि हर कोई योगदान देता है, तो टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। हम चाहते हैं कि पूरी टीम अच्छा प्रदर्शन करे। बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, जो गुरुवार से प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। हेजलवुड के बाहर होने के बाद सीन एबॉट के खेलने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया ने हेजलवुड की अनुपस्थिति और शीर्ष क्रम के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अपनी टीम में कुछ बदलाव किए हैं। चौथे टेस्ट के लिए नाथन मैकस्वीनी की जगह सैम कोंस्टास को टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनमोलप्रीत सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में तीसरा सबसे तेज लिस्ट ए शतक जड़ा



**नई दिल्ली।** पंजाब के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने लिस्ट ए में तीसरा सबसे तेज शतक जड़कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने 35 गेंदों में शतक जड़ा और अब वह सर्वकालिक सूची में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे सिर्फ जेक फ्रेजर-मैकगर्क (29 गेंद) और एबी डिविलियर्स (31 गेंद) ही हैं। अहमदाबाद में विजय हजारे ट्रॉफी के मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दूसरे ओवर में कप्तान अभिषेक शर्मा के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे अनमोलप्रीत ने 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। अनमोलप्रीत की धमाकेदार पारी की बदौलत पंजाब ने अरुणाचल प्रदेश द्वारा दिये गए 164 रन के लक्ष्य को मात्र 12.5 ओवर में ही हासिल कर 9 विकेट से मैच जीत लिया। अभिषेक के सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह 25 गेंदों में 35 रन बनाकर नाबाद रहे। डिविलियर्स ने सबसे तेज लिस्ट ए शतक का रिकॉर्ड तोड़ा था - यह अभी भी सबसे तेज वनडे शतक है - जब उन्होंने जनवरी 2015 में जोहान्सबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के लिए 44 गेंदों में 149 रन बनाए थे। इसने लिस्ट ए और वनडे का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ न्यूजीलैंड के कोरी एंडरसन ने 36 गेंदों में बनाया था। डिविलियर्स का लिस्ट ए रिकॉर्ड तब तक कायम रहा जब तक फ्रेजर-मैकगर्क ने अक्टूबर 2023 में मार्श कप में तस्मानिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के लिए इसे बनाने के लिए सिर्फ 29 गेंदें नहीं लीं - जिसमें वे हार गए। अनमोलप्रीत, जो पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस (एमआई) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए खेल चुके हैं, को नवीनतम आईपीएल नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला।

### जिले के एक मात्र मध्य विद्यालय मोहनपुर से पांच खिलाड़ियों का चयन



**सहरसा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में 25 दिसम्बर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय 14 नेटबॉल खेल प्रतियोगिता के लिए सहरसा जिलांतर्गत सिमरी बख्तियारपुर के मध्य विद्यालय मोहनपुर से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बालिका वर्ग में स्मृति कुमारी,राजनंदनी कुमारी, बालक वर्ग में अंकित कुमार के चयन होने पर विद्यालय और गांव में हर्ष का माहौल है।राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने के उपरांत खिलाड़ियों का सम्मान समारोह मध्य विद्यालय मोहनपुर के प्रांगण में किया गया।जिसमें खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन और उनके उवल भविष्य की कामना करते हुए विद्याश्रम क्लासेज द्वारा शील्ड एवं टीशर्ट देकर सम्मानित किया गया।वहीं चेन्नई में 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले एन एफ आई के तहत 30 सब जुनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए मध्य विद्यालय मोहनपुर से ही बिंदु कुमारी एवं श्रवण कुमार का चयन किया गया है।

### राष्ट्रीय खेलों के ट्रिपल जंप चैंपियन एबी अरुण पर डोपिंग के लिए लगा चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** डोप टेस्ट में असफल होने के कारण राष्ट्रीय खेलों का स्वर्ण पदक गंवाने वाले सेना के ट्रिपल जंपर एबी अरुण पर चार साल का निलंबन लगाया गया है। 26 वर्षीय अरुण ने पिछले साल गोवा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रवेल के 16.68 मीटर (2022) के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 16.79 मीटर की छलांग लगाकर शानदार स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने 27 नवंबर, 2024 को अपने फैसले में उन पर 14 दिसंबर, 2023 से चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है। केरल के अरुण का मेफेन्टरमाइन और इसके मेटाबोलाइट्स फेंटेरमाइन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था, जो गैर-निर्दिष्ट उत्तेजक हैं जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिबंधित हैं। 400 मीटर धावक दीपांशी तीन साल के लिए बाहर इस बीच, हरियाणा की दीपांशी, जिन्होंने जून में भुवनेश्वर में अंतर-राज्यीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता था और डोप के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद उनसे यह पदक वापस ले लिया गया था, पर 4 जुलाई, 2024 से तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है (नाडा के मामले के समाधान समझौते के अनुच्छेद 10.8 और 8.3 के तहत प्रतिबंध में कमी)। 22 वर्षीय दीपांशी, जिसका ड्रोस्टेनोलोन के लिए परीक्षण सकारात्मक आया था, जो एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड श्रेणी में आता है और जो हर समय (प्रतियोगिता के अंदर और बाहर) प्रतिबंधित है, 3 जुलाई, 2027 तक प्रतियोगिता से बाहर रहेगी और 27 जून, 2024 से उसके सभी परिणाम, जब अंतर-राज्यीय मीट के दौरान परीक्षण लिया गया था, अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।

# आधुनिक क्रिकेट में सीखते रहना जरूरी : सिद्दिकउल्लाह अटल

**नई दिल्ली, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**



अफगानिस्तान के नए बल्लेबाजी सनसनी सिद्दिकउल्लाह अटल ने पिछले एसीसी इमर्जिंग एशिया कप में अपने प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने सहज प्रवेश का आधार बताया।

सिद्दिकउल्लाह अटल के पहले वनडे शतक और अब्दुल मलिक (84) के साथ उनकी 191 रनों की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में जीत दर्ज की। इस साझेदारी की बदौलत मेहमान टीम ने मुश्किल पिच पर बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके बाद उनकी गेंदबाजी इकाई ने बेहतरीन अनुशासित प्रयास किया, जिससे जिम्बाब्वे की टीम 54 रनों पर ढेर हो गई और अफगानी टीम ने 232 रनों से जीत दर्ज की।

अक्टूबर 2024 में एसीसी इमर्जिंग एशिया कप के बाद से ही अटल ने खूब धमाल मचाया हुआ है, जहाँ वे अफगानिस्तान ए के लिए पाँच मैचों में 122.66 की शानदार बल्लेबाजी औसत और 145 की स्ट्राइक रेट से 368 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। उनके शानदार प्रदर्शन ने अफगानिस्तान ए की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे के बाद अटल ने क्रिकबज़ से कहा, इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीतना अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर के रूप में, मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला, यह महसूस करते हुए कि मेरे पास हर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता है।

उन्होंने कहा, यह नया विश्वास (एसीसी इमर्जिंग कप में अफगानिस्तान ए के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद) राष्ट्रीय टीम के साथ मेरे निरंतर प्रदर्शन में सहायक रहा है।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की मजबूत शुरुआत करने के बाद, अटल ने आत्मसंतुष्टि से बचने के महत्व पर जोर दिया। बाएं हाथ का यह खिलाड़ी लगातार अपने खेल में सुधार करने और अपने कौशल को विकसित करने के साथ-साथ फिटनेस पर भी कड़ी मेहनत कर रहा है।

अटल ने कहा, क्रिकेट लगातार विकसित हो रहा है और आधुनिक क्रिकेट में सीखते रहना जरूरी है। मैं अंतरराष्ट्रीय मंच पर शारीरिक, मानसिक और तकनीकी क्षमताओं के साथ खुद को एक अच्छे पैकेज के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार अपनी फिटनेस और कौशल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। यह मेरा पहला शतक है और मैं खुश हूं। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, मेरा परिवार, खासकर मेरी मां, मेरी प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत हैं। जब भी मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं, तो मैं अपनी सफलता उन्हें समर्पित करता हूं, क्योंकि उनकी खुशी मेरे लिए दुनिया से बढ़कर है।

एकदिवसीय श्रृंखला का समापन 21 दिसंबर को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होने वाले अंतिम एकदिवसीय मैच के साथ होगा। इसके बाद, दोनों टीमें 26 दिसंबर से बुलावायो में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में आमने-सामने होंगी।

अटल, जिन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए चुना गया था, जिसे इस साल सितंबर में ग्रेटर नोएडा में बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था, ने जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है।

### दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन दाएं घुटने की समस्या के कारण पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं। केशव महाराज के बाद बार्टमैन दूसरे गेंदबाज हैं जो वनडे सीरीज़ में चोटिल हुए हैं और इस गर्मी में बाहर होने वाले छठे तेज गेंदबाज हैं। गेराल्ड कोएत्ज़ी, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लिज़ाद विलियम्स और एनरिक नोर्टजे अन्य गेंदबाज हैं। टेस्ट टीम में पहली बार शामिल किए गए कॉर्बिन बॉश, वनडे टीम में बार्टमैन की जगह लेंगे और बॉक्सिंग डे पर पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू टेस्ट के लिए भी तैयार हैं। केपटाउन में गुरुवार को दूसरे वनडे से पहले गेंदबाजी करते समय बार्टमैन को रन अप के दौरान असहजता महसूस हुई। वह मैच-डे इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दो दिन पहले पार्ल में सीरीज के पहले मैच में खेले थे। तब, उन्होंने सात ओवर फेंके और 37 रन देकर 2 विकेट लिए। बार्टमैन का अगला काम एसए20 है, जहां उनका अनुबंध सनराइजर्स ईस्टर्न केप से है। उनकी चोट से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए, भले ही वे मुल्डर की फिटनेस का इंतजार कर रहे हों। मुल्डर ने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में अपनी दाई मध्यमा उंगली तोड़ दी थी, लेकिन उसने फिर से गेंदें मारना शुरू कर दिया है और गुरुवार को उसका स्कैन होना था। टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका मुल्डर की वापसी को लेकर रूढ़िवादी रवैया अपनाएगा, जिससे पता चलता है कि वह सुपरस्पोर्ट पार्क में पहले टेस्ट में शायद न खेल पाए। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ दक्षिण अफ्रीका पूरी गति से खेल सकता है, और कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन, बॉश और डेन पैटरसन को खिला सकता है या 18 वर्षीय क्वेना मफाका को चुन सकता है, जिसने गुरुवार को अपना वनडे डेब्यू किया। उन्होंने मैच में 72 रन देकर 4 विकेट लिए, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 81 रन से गंवा दिया। पाकिस्तान ने पहले ही सीरीज जीत ली है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका रविवार को वांडरर्स में पिंक डे पर अपनी प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश करेगा। अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह उनकी सबसे मजबूत उपलब्ध टीम के साथ उनका आखिरी वनडे होगा।

# मेरा मुख्य लक्ष्य पंजाब के लिए आईपीएल ट्रॉफी जीतना : श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए पंजाब किंग्स में शामिल हुए श्रेयस अय्यर के लिए यह एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है। वर्ष की शुरुआत में, भारतीय क्रिकेटर मुंबई की टीम का हिस्सा थे जिसने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीती।

इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को अपना तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया। वह ईरानी कप जीतने वाली मुंबई टीम के सदस्य भी थे।

उनके नेतृत्व में, मुंबई ने 2024-25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती, जो इस सीज़न का उनका दूसरा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब था।

पंजाब किंग्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड किए गए एक वीडियो में अय्यर ने कहा, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतना एक अवास्तविक एहसास था। पर्दे के पीछे बहुत मेहनत हुई। लड़कों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। अब हम इस हिस्से को पूरा कर चुके हैं।

अब, मुंबई के इस क्रिकेटर का ध्यान पंजाब किंग्स के लिए पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतना है। पिछले महीने नीलामी में किंग्स द्वारा साइन किए गए अय्यर ने सड्डा पंजाब परिवार में शामिल होने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। अय्यर ने कहा, पंजाब किंग्स का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं पंजाब किंग्स परिवार में शामिल होने का इंतजार नहीं कर सकता। चार ट्रॉफी जीतना मेरे लिए एक शानदार साल रहा है। मेरा मुख्य लक्ष्य पंजाब के लिए आईपीएल ट्रॉफी जीतना है।

30 वर्षीय अय्यर, जो पहले आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में खेल चुके हैं, ने कहा कि वह एक बार फिर क्रिकेट के दिग्गजों में से एक के साथ विचार-विमर्श करने के लिए उत्सुक हैं। इस साल की शुरुआत में, किंग्स ने पोंटिंग को फ्रैंचाइज़ी का नया मुख्य कोच नियुक्त किया था।

अय्यर ने कहा, मैं समझ सकता हूं कि प्रशंसकों की भावनाएं क्या होंगी। रिकी के आने से हमने अतीत में शानदार दोस्ती की है। हम कई पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उम्मीद है कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।


## बुंदेलशगा लीग फुटबॉल



जर्मनी में बुंदेलशगा लीग फुटबॉल में बेयर्न म्यूनिख और आर बी लिपिज के खिलाड़ी खेलते हुए।

# केरला ब्लास्टर्स का लक्ष्य मोहम्मडन एसी के खिलाफ दूसरी जीत दर्ज करना है

**कोच्चि, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**



केरला ब्लास्टर्स एफसी और मोहम्मडन एससी रविवार शाम यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी, तो ब्लास्टर्स का लक्ष्य मोहम्मडन स्पोर्टिंग पर लीग डबल दर्ज करना होगा।

केरला ब्लास्टर्स एफसी ने 21 अक्टूबर, 2024 को दोनों टीमों के बीच सीजन का पहला मैच 2-1 से जीता था। लेकिन ब्लास्टर्स अपने पिछले तीन मैचों में लगातार हार से निराश हैं और स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टाहरे से नाता तोड़ लिया। वे 2022-23 सत्र में मिली लगातार चार हार के अनचाहे आंकड़े से बचना चाहेंगे। केरला ब्लास्टर्स एफसी 12 मैचों में तीन जीत, दो ड्रा और सात हार से 11 अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के 11 मैचों में एक जीत, दो ड्रा और आठ हार से पांच अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। ब्लास्टर्स हमलों के लिए नौहा सदौई निर्भर नजर आते हैं, क्योंकि मोरोक्कन विंगर आठ गोल (चार गोल और चार असिस्ट) का योगदान देकर इस सीजन में उन्हें छह अंक दिला चुका है। केरला ब्लास्टर्स की लीग में सबसे कम बचाव दर (48.9प्रतिशत) है और उसने टारगेट पर 46 शॉट खाए हैं, जो डिफेंस में उनकी कमियों को उजागर करता है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग अपने पिछले दो आईएसएल मैचों में गोल नहीं कर पाई है। उसने इस सीजन में कुल पांच गोल किए हैं। मोहम्मडन को अपनी डिफेंस को मजबूत करने की आवश्यकता है, क्योंकि उसने इस सीजन में 19 गोल खाए हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी के अंतरिम हेड कोच टी.जी. पुरुषोत्तमन अंक तालिका में मोहम्मडन एससी की स्थिति को लेकर ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा, हर टीम के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं, और कोई भी टीम हमें मुश्किल में डाल सकती है। लिहाजा, हमें अपने घर पर अच्छा खेलना होगा।

# एनआरएआई को मिले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 की मेज़बानी के अधिकार

**नई दिल्ली, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**



नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) को एक और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता, इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन 2025 की मेज़बानी के अधिकार मिल गए हैं। यह देश में आयोजित होने वाली तीसरी प्रमुख आईएसएसएफ प्रतियोगिता होगी, इससे पहले 2023 में भोपाल में सीनियर वर्ल्ड कप और इस साल के अंत में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल का आयोजन हुआ था। एनआरआई को शुक्रवार (20 दिसंबर) को आईएसएसएफ से अधिकार मिलने की आधिकारिक पुष्टि के बाद इस विकास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरआई के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव में कहा, पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की बैठक बहुत लाभकारी रही थी, और सभी सदस्य संघों के साथ-साथ आईएसएसएफ के अध्यक्ष लुसियानो रोसी ने भी भारत में आयोजित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की तारीफ की थी और वैश्विक स्तर पर खेल को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका को सराहा था। हमें तभी से एहसास हो गया था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि मिल गई है, हम उत्साहित और प्रेरित हैं कि हम अपनी पूरी ताकत से इस आयोजन को सफल बनाएंगे। हम निश्चित रूप से भारत सरकार और खेल मंत्रालय के प्रति आभारी हैं जिन्होंने हमारे प्रयासों का समर्थन किया है ताकि हम खेल को हर संभव तरीके से बढ़ावा दे सकें। एनआरएआई के महासचिव के. सुलतान सिंह ने आईएसएसएफ के पत्र के बारे में अधिक जानकारी देते हुए कहा, आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित सुविधाजनक समय स्लॉटों की पुष्टि करने का अनुरोध किया है, एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर अंत-नवंबर की शुरुआत में। हम अपनी आंतरिक बैठक के बाद इसे जल्द से जल्द आईएसएसएफ के साथ साझा करेंगे, ताकि सदस्य संघ अपनी तैयारियां कर सकें। दुनिया के भविष्य के शीर्ष चैंपियन और शूटिंग के सितारे भारत में एक शानदार मुकाबले के लिए एकत्रित होंगे, और हमें पूरा विश्वास है कि यह खेल को देश में और भी मजबूत करेगा। यह भारत में पिछले एक दशक में आयोजित होने वाली नौवीं शीर्ष स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप होगी, लेकिन यह पहला आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले भारत में महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है, जिसमें दो वर्ल्ड कप फाइनल और चार सीनियर आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शामिल हैं। 2025 में भारत की रेंजेस लगातार व्यस्त रहेंगी, क्योंकि इस साल पहली बार शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का आयोजन भी पहले हाफ में किया जाएगा, इसके अलावा साल भर होने वाली नियमित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में समाप्त होगा।

## कविता

# अगर पेड़ भी चलते होते



अगर पेड़ भी चलते होते,
कितने मजे हमारे होते।

बांध तने में उसके रस्सी,
चाहे जहां कहीं ले जाते।

जहां कहीं भी धूप सताती,
उसके नीचे झट सुस्ताते।

जहां कहीं वर्षा हो जाती
उसके नीचे हम छिप जाते।

लगती भूख यदि अचानक,
तोड़ मधुर फल उसके खाते।

आती कीचड़-बाढ़ कहीं तो,
झट उसके उपर चढ़ जाते।

अगर पेड़ भी चलते होते,
कितने मजे हमारे होते।

# मैं हूं डोरेमॉन

हाय दोस्तो, पहचान गए न मुझे। हम्मम...मैंने भी कैसा सवाल पूछा न। आप सब अपने डोरेमॉन को कैसे भूल सकते हो। इस बार मैं अपने कुछ खास गैजेट और दोस्तों के साथ आपसे मिलने आया हूं। वैसे तो गैजेट्स आपको ध्यान ही होंगे, पर इनको एक बार और जान लीजिए...



**अपने** बारे में कुछ ज्यादा बताने की जरूरत है क्या है मुझे ?...नहीं न। अरे! आप मुझे देखते तो हैं हर रोज फिर भी जानना है। अच्छा, ठीक है। समझ गया आप क्या जानना चाहते हैं मेरे बारे में। सब कुछ आपको बताता हूं। मेरा नाम है डोरेमॉन। मैं भविष्य से आया हुआ कैट रोबो यानी बिल्ली रोबोट हूं। मुझे 1967-70 में फुजीमोटो हीरोशी और मोटू एबिको ने निर्मित किया था। मेरा दोस्त है नोबिता नोबी, जिसकी कुछ आदतों से मैं परेशान तो रहता हूं, पर उसकी मदद भी करता हूं। सोचता हूं, एक न एक दिन ये सुधर ही जाएगा। अपने दोस्त के लिए इतना तो किया ही जा सकता है। मुझे और नोबिता को लेकर कई कॉमिक्स और कार्टून बनाए गए। मैं तो भविष्य ये आया हूं, इसलिए मेरे पास बहुत सारे गैजेट्स भी हैं-होमिंग प्लेन, बैंबू कॉप्टर, एनीव्येर डोर, सर्वेंट स्टिकर, टाइम कैमरा, हॉब गोबलिन सील। इनकी शक्तियों के बारे में जानना चाहेंगे। तो फिर चलिए गै ेट्स को देखने।

**बैंबूकॉप्टर**

ये है आपके हैलीकॉप्टर का एडवांस रूप। इसे अपने सिर पर लगा कर फुर्रर...हुआ जा सकता है। बढ़ते ट्रैफिक के जाम से बचने के लिए हैलीकॉप्टर की जरूरत तो होगी, ऐसे में ये अपना बैंबूकॉप्टर है न बड़े काम की चीज।

**वुडू कैमरा**

इसके बारे में तो आप जानते ही होंगे, जी हां वही कैमरा जिससे किसी की तस्वीर लेने के बाद उसे अपना गुलाम बनाया जा सकता है। एक बार तो नोबिता ने मेरी ही फोटो क्लिक कर ली थी। याद आया न, अब आप हंस भी रहे होंगे। काश...हमारे पास भी होता, ये कैमेरा तो किसी से होमवर्क ही करवा लेते।

**टैलिंग बर्ड**

इसके मुंह में एक भोंपू होता है। इसे बजाते ही आप जो भी कहोगे, यह उसका प्रचार शुरू कर देगा, लेकिन आपको वह काम करते रहना होगा वर्ना यह प्रचार आपको मुसीबत में डाल देगा।

**विश स्प्रैडिंग डॉल**

ये एक छोटी सी गुड़िया है। वह तब तक किसी से भी चिपकी रहती है, जब तक दिया गया काम पूरा न हो जाए।

**सर्वेंट स्टिकर**

इसका इस्तेमाल भी कमाल का है। किसी भी वस्तु पर इसे चिपका दीजिए, फिर देखिए वह आपके कहे अनुसार ही कार्य करने लगेगी।

**पिन पॉइंट**

यह पिन आप अपनी किसी भी चीज में लगाकर छोड़ दें, यह वहां पहुंच जाएगी, जहां आप जल्दी जाना चाहते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि ये हमें भी मिल जाए, तो क्लास मिस न हो कभी।

**टाइम कैमरा**


इसमें से बीते समय की तस्वीरें निकल आती हैं। यानी कुछ गुजरे हुए वक्त को वापस मोड़ने में आपकी मदद कर सकता है।

**टैलीविजन गैट ए कीप**

यह तो अत्यंत आलसी लोगों के लिए अमृतबाण है। इस गैजेट के जरिए आपको टीवी पर चल रहे किसी भी विज्ञापन की कोई भी चीज फटाफट मिल जाएगी। न हींग लगी, न फिटकरी रंग भी आ गया। वो भी चोखो। समय भी बचा और पैसे भी खर्च नहीं हुए।

**एनीव्येर डोर**

ये है गजब का दरवाजा, इसकी मदद से जहां जाने का मन हो, वहां फट से पहुंचा जा सकता है। वो भी बस एक मिनट में। नोबिता की तरह आप भी यही सोचते होंगे कि हमें भी ये एनीव्येर डोर मिल जाए और हम भी क्लास रूम से फट से प्ले ग्राउंड में पहुंच जाएं। ये तो हुई कुछ गैजेट्स, अब कुछ खास किरदारों से भी आपको मिलना चाहिए। कर लीजिए उनसे भी छोटी सी मुलाकात।



## खास बातें

1 साइंस फिक्शन पर आधारित जापानी कॉमेडी ड्रामा ।

2 इसे फुजीमोटो हीरोशी ने बनाया था।

3 इसकी पहली प्रिंटेड सीरीज दिसंबर 1969 में आई थी। लगातार यह 6 साल तक 6 मैग्जीन में प्रकाशित हुआ।

4 इसकी हर कहानी की कॉमेडी के अंत में एक संदेश जरूर होता है।

5 शोगाकुकन ने 1344 कहानियां तैयार की थी। इसके 45 वॉल्यूम तैयार किए गए थे। इनके मास्टर प्रिंट तकाओका सेंट्रल लायब्रेरी में सुरक्षित हैं।

## रंग भरो



# क्या आप जानते हैं

1 विश्व की सबसे ऊंची मीनार कुतुब मीनार है जो भारत में है।


2 नेपाल की संसद को राष्ट्रीय पंचायत कहते हैं।

3 राजस्थान के बीकानेर में स्थित जूनागढ़ किले का निर्माण राजा जय सिंह ने करवाया था।

4 राजस्थान के जयपुर में स्थित हवा महल का निर्माण महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने करवाया था।

5 फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ऑस्कर पुरस्कार की शुरुआत 1929 ईसवी में हुई थी। यह पुरस्कार नेशनल अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से दिया जाता है।

6 ऑस्कर पाने वाली पहली भारतीय महिला भानु अथैय्या हैं, जिन्हें गांधी फिल्म में रिचर्ड एटनबर्ग की कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग के लिए यह पुरस्कार दिया गया था।



7 दांडी मार्च 1930 वह आंदोलन है, जिसे प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने दुनिया का इतिहास बदलने वाले प्रथम दस आंदोलन में शामिल किया है।

8 ऋग्वेद काल में व्यापारियों को पणि कहा जाता था।

9 छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है, जहां पर पांच रुपए में दाल-भात (दाल-चावल) देने की योजना शुरू की गई है।

10 ऑस्कर के साथ ही नोबेल पुरस्कार को भी प्राप्त करने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं- जॉर्ज बनार्ड शॉ। इन्हें 1925 में साहित्य के लिए नोबेल और 1938 में बेस्ट स्क्रीन प्ले के लिए ऑस्कर पुरस्कार दिया गया।

11 पिनकाओ (थाईलैंड) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ चावल के किस्मों में से एक है।

# दूध नाप दो

शेख चिल्ली दूध लेने पहुंचे, पर जाने क्या हुआ जो हलवाई उनपर हंस पड़ा। आप भी पढ़ें और जानें हंसने की वजह क्या थी...



**शेख** चिल्ली जब छोटे थे, तब की बात है। घर के दरवाजे एक बजाजी आया था, जिससे मां ने कपड़े का मोल भाव किया, फिर एक रुपए में एक गज कपड़ा ले लिया। बजाज को कपड़ा नापते और फिर उसे फाड़ते हुए, शेख चिल्ली ने बड़े ध्यान से देखा।

अगले दिन मां ने अठन्नी देकर कहा-

'जाकर दूध ले आओ।'

वे हलवाई के दुकान पर पहुंच गए। हलवाई किसी दूसरे ग्राहक के लिए दूध तैयार कर कर रहा था। एक बर्तन से दूसरे बर्तन में दूध की धार देखकर, शेख को वो कपड़े की तरह दिखाई दी। या कहो बजाज के कपड़ा नापने का दृश्य आंखों के सामने नाच गया। हलवाई से उन्होंने कहा-

'दूध दे दो...।'

'कितना... ?'

कितने का मामला अटक गया। दिमाग पर जोर देकर मियां चिल्ली ने सोचा- एक रुपए का एक गज कपड़ा बजाज ने फाड़ा था, तो आठ

आने का आधा गज आएगा। झट से बोले-

'आधा गज दे दो...।'

आधा गज दूध की बात सुनकर हलवाई हंस दिया। दुकान पर खड़े आम ग्राहक हंसते-हंसते लोट-पोट हो गए। चिल्ली मियां सिर खुजाते देर तक यही सोचते रहे कि इसमें हंसने की क्या बात थी। बहरहाल, उन्होंने हलवाई को अठन्नी पकड़ाई, दूध लिया और घर लौट आए।



# तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर होने की आशंका से शेयर बाजार में घबराहट

**5 दिन में 4092 अंकों की गिरावट से शेयर बाजार आईसीयू में**

मुंबई,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

दिसंबर माह में समाप्त होने वाली तीसरी तिमाही के कमजोर नतीजे को लेकर शेयर बाजार का ब्लड प्रेशर बढा हुआ है। दिसंबर माह में शेयर बाजार की जो स्थिति है। वह जुलाई और सितंबर तिमाही के नतीजे के कारण है। जब दिसंबर में समाप्त होने वाली तीसरी तिमाही के नतीजे आएंगे। तब शेयर बाजार में और भी बड़ी उथल-पुथल होने की संभावना आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा जताई जा रही है।

जिस तेजी के साथ शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। उसका सिलसिला जल्द थमेगा, ऐसा दिखता नहीं है सिर्फ 5 दिनों में शेयर बाजार में 4092 अंक की गिरावट आई है। हाल ही के महीने में जो आर्थिक आंकड़े सामने आ रहे हैं। वह जीडीपी के हों, या महंगाई के सभी ओर से नकारात्मक आंकड़े मिल रहे हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपया बहुत कमजोर हो चुका है। आयातित सामान मे अब और ज्यादा पैसा भारत को खर्च करना पड़ेगा। जिसके कारण भारत में महंगाई बढ़ने की आशंका बन गई है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 6 माह तक शेयर बाजार की यही स्थिति बनी रह सकती है। केंद्र सरकार के बजट आने के बाद और केंद्र सरकार द्वारा इस स्थिति से निपटने के लिए कौन से प्रयास किये जा रहे हैं। उसको देखने के बाद ही शेयर बाजार के बारे में कुछ कहा जा सकता है। आर्थिक विशेषज्ञों की माने, तो अभी शेयर बाजार भगवान भरोसे है इस तरह की गिरावट इसके पहले कभी नहीं देखी गई। बिकवाली और आर्थिक मंदी के कारण शेयर बाजार का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है। आने वाले दिनों में शेयर बाजार में कुछ भी हो सकता है। इसका असर बैंकों और बीमा क्षेत्र में भी पडने की संभावना जताई जा रही है। भारत की आर्थिक स्थिति 2008 की अमेरिका की आर्थिक मंदी जैसी स्थिति में पहुंचती हुई दिख रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो को पीछे छोड़ा जोमैटो ने




**मुंबई।** फूड डिलीवरी एग्रीगेटर जोमैटो ने टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो को पछाड़ दिया है। जोमैटो 30 कंपनियां वाली सूची में 27 नंबर पर पहुंच गई है। इन दोनों दिग्गज कंपनियों से जोमैटो का मार्केट कैप बड़ा हो गया है।जोमैटो 2.78 लाख करोड रुपए मार्केट कैप की कंपनी बन गई है। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप बीएसई में 2.73 लाख करोड़ का है। वही बजाज ऑटो का 2.50 लाख करोड़ का है। 30 शेयर वाली सूची में जोमेटो शामिल हो जाएगी। वहीं 30 शेयर वाली सूची से जेएसडब्ल्यू स्टील बाहर हो जाएगी। 2024 में जोमैटो के शेयर में लगातार तेजी देखने को मिली। निवेशकों का निवेश दोगुना से ज्यादा हो गया है। 2023 में 124 रूपये के शेयर में 135 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। जुलाई 2008 में यह कंपनी बनी थी। 5 दिसंबर 2024 को इस कंपनी का शेयर 304.50 पैसे पर पहुंच गया। मार्केट कैप के हिसाब से यह कंपनी 27 वें नंबर पर आ गई है।

### जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स समेत कई मुद्दों पर हो सकता है फैसला 148 वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी दरों पर किया जा रहा विचार




**नई दिल्ली।** राजस्थान में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 148 वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी दरों पर विचार किया जा रहा है। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भाग ले रहे हैं। बैठक में हुए अहम फैसले के चरण पर, हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रेमियम पर जीएसटी माफ किया जा सकता है। इससे 5 लाख रुपए तक के हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी की हावी भारी गिरावट संभावित है। इसके साथ ही प्रीमियम और लग्जरी चीजों के लिए अलग से टैक्स स्लैब भी तैयार किए जा सकते हैं। इस बैठक में उपयोग होने वाले फ्यूल एटीएफ और खाद्य सेवा प्लेटफॉर्मों के लिए भी निर्णय करने की संभावना है। उम्मीद है कि इन फैसलों से अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन की ताकत लौटेगी।

### एक्सपायर डेट वाली चीजों का डेटा ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली से पेश करें: एफएसएसएआई

fssai

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य मानक और प्रमाणन प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है, जिसमें लाइसेंस प्राप्त खाद्य निर्माता और आयातकों को स्पष्ट किया गया है कि वे रिजेक्टेड और एक्सपायर खाद्य आइटम्स का तिमाही डेटा (ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली) के माध्यम से पेश करें। इसका मकसद है कि ऐसे उत्पादों के पुन: उपयोग को रोका जा सके। इस निर्देश के तहत, तीन अहम क्षेत्रों का विशेष महत्व है: पहला, आंतरिक गुणवत्ता परीक्षण या निरीक्षण में फेल होने वाले उत्पादों की मात्रा; दूसरा, फूड सप्लाई चेन से रिजेक्टेड उत्पादों की संख्या; और तीसरा, प्रोडक्ट डिस्पोजल की डिटेल रिपोर्ट। यह निर्देश हाल ही में जारी किया गया और इसका पालन करने के लिए रिपैकर्स और रीलेवलर्स को जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। एफओएससीओएस की रिपोर्टिंग फंक्शन अभी भी विकसित हो रहा है, और नियामक ने खाद्य उद्यमों से जरूरी डेटा इकट्ठा करने का आग्रह किया है। हाल ही में एफएसएसएआई ने एक अलग आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि ऑनलाइन काम करने वाले सभी फूड बिजनेस ऑपरेटर्स (एफबीओ) को चाहिए कि उन्हें केवल उन खाद्य आइटम्स की डिलीवरी करें, जिनकी एक्सपायरी डेट कम से कम 45 दिन बाकी हो। यह कदम उपभोक्ताओं के हित के लिए उठाया गया है ताकि उन्हें ताजगी से तैयार भोजन मिल सके। कंज्यूमर्स की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने एक नया ई-जागृति ऐप शुरू करने की योजना बनाई है, जिसकी विशेषता यह है कि इसके माध्यम से लोग अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज कर सकें। इन निर्देशों का पालन करने से प्रयोजन है कि भारत में खाद्य सुरक्षा में सुधार हो, और उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य सुरक्षा का आनंद मिले।

# क्रिसमस पर अमेरिकी वॉलमार्ट स्टोर्स और वॉलमार्ट डॉट कॉम पर मिलेंगे भारतीय उत्पाद

**इस हॉलीडे वॉलमार्ट स्टोर्स पर मिलेंगे शानदार सजावट के सामान, कपड़े, आभूषण, खिलौने**

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)।




क्रिसमस एवं छुट्टियों का मौसम नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)। नजदीक ... हॉलिडे कलेक्शन को पेश करते हुए बहुत उत्साहित है। इसमें भारत के आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले मौसमी सजावट, रोज़मर्रा एवं पार्टी के कपड़े, सहायक उपकरण और उपहार शामिल हैं। ये समान अमेरिकी वॉलमार्ट स्टोरों, सैम क्लबों और वॉलमार्ट डॉँट कोम पर उपलब्ध है।

वॉलमार्ट पर उपलब्ध इस संग्रह में त्योहारी घरेलू सजावट से लेकर स्टाइलिश ठंड के मौसम के सामान, शानदार आभूषण, मजेदार खिलौने और खेल के सामान से लेकर कई तरह के उत्पाद शामिल हैं। भारत से मंगाए गए ये उत्पाद वॉलमार्ट के हॉलिडे लाइनअप में विविधता और गुणवत्ता लाते हैं, जो उपहार देने या व्यक्तिगत छुट्टियों की खरीदारी के लिए एक आदर्श विकल्प सुनिश्चित करते हैं।

वॉलमार्ट में सोर्सिंग के कार्यकारी उपाध्यक्ष एंड्रिया अलब्राइट ने कहा, वॉलमार्ट में हम इस छुट्टियों के मौसम में अपने अमेरिकी ग्राहकों के लिए प्रतिभाशाली भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से उच्च गुणवत्ता वाले, त्यौहारी उत्पाद लाने पर गर्व महसूस करते हैं। यह अनूठी मेड-इन-इंडिया पेशकशें न केवल अमेरिका में हमारे हॉलिडे कलेक्शन में एक विशेष स्पर्श जोड़ती हैं, बल्कि भारतीय व्यवसायों का समर्थन करने और 2027 तक भारत से निर्यात को सालाना 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती हैं।

### हर घर के लिए एक उत्सव का माहौल

इस वर्ष वॉलमार्ट के हॉलिडे टाइम्स संग्रह में प्रसिद्ध आपूर्तिकर्ताओं की जीवंत सामग्रियों को प्रदर्शित किया गया है, जिसे घरों को सजाने के लिए तैयार किया गया है।

हस्तनिर्मित आभूषण, जिसमें एएल पेपर द्वारा अपसाइकल किए गए सूती कपड़ों के वेस्ट से बने कागज क्रिसमस ट्री शामिल हैं।

कनोडिया ग्लोबल द्वारा बुने हुए क्रिसमस स्टॉकिंग्स भी इसमें शामिल हैं।

संग्रह में शानदार घरेलू साज-सज्जा के समान भी शामिल है, जिसमें सावा इंटरनेशनल के कुशन और तकिए, अवंती ओवरसीज के आलीशान खिलौने, और डिज़ाइनको, दीवान एंड संस और स्पेशलाइज्ड क्रिएशन्स की लकड़ी और धातु की सजावट वाले सामान शामिल है। स्टाइलिश तरीके से गर्म और पार्टी के लिए रहें तैयार वॉलमार्ट की हॉलिडे फैशन लाइनअप में रोज़मर्रा और पार्टी में पहनने के लिए बेहतरीन कपड़े उपलब्ध हैं, जो उपहार देने या व्यक्तिगत हॉलिडे स्टाइल के लिए एकदम सही हैं। हाइलाइट्स में शामिल हैं। वॉलमार्ट के निजी लेबल जॉर्ज के तहत पुरुषों के लिए लंबी आस्तीन वाली थर्मल क्रू शर्ट, ओवरशर्ट और छोटी आस्तीन वाली बुनी हुई शर्ट। शाही एक्सपोर्ट द्वारा तैयार फ्री असेंबली लेबल के तहत महिलाओं के लिए बुने हुए टॉप और ड्रेस। गोकलदास एक्सपोर्ट द्वारा महिलाओं के लिए बुने हुए जैकेट, जो फ्री असेंबली ब्रांड के तहत भी बेचे जाते हैं। वॉलमार्ट के टेरा एंड स्काई ब्रांड के तहत प्लस-साइज़ बुने हुए स्कर्ट और ड्रेस टाइम एंड टू ब्रांड के तहत शाही एक्सपोर्ट और गोकलदास एक्सपोर्ट की प्लेड शर्ट और ड्रेस। चमक जोड़ने के लिए, वॉलमार्ट की ब्रिलिएंस फाइन ज्वेलरी रेंज में एलिगेंट और इंटरगोल्ड से प्राप्त हीरे की बालियां, अंगूठियां और टेनिस ब्रेसलेट उपलब्ध हैं, जो उपहार देने या हॉलिडे लुक को पूरा करने के लिए एकदम सही हैं। पारिवारिक क्षणों के लिए टीवी एक्सेसरीज इस छुट्टियों के मौसम में वॉलमार्ट के टीवी एक्सेसरीज़ के चयन के साथ पारिवारिक मूवी नाइट्स को बेहतर बनाएं। वॉलमार्ट के ओएनएन ब्रांड के तहत रेडिश के टिल्टिंग, स्विवेलिंग और फुल-मोशन वॉल माउंट का आनंद उठाएं। ये मूवी और गेमिंग नाइट्स अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। सभी उम्र के लोगों के लिए खुशी प्रदान करने वाले खिलौने वॉलमार्ट का खिलौना संग्रह सभी उम्र के लोगों को मनोरंजन प्रदान करता है। एमप्लास्टिक्स (वॉलमार्ट के किड कनेक्शन ब्रांड के तहत) द्वारा शेफ इन अ बास्केट और मेटियोर डार्ट्स जैसे खेलने वाली सामग्री। प्राइम टाइम द्वारा एडवेंचर फोर्स डेस्पराडो फोम डार्ट ब्लास्टर्स, सक्रिय खेल के लिए बिल्कुल उपयुक्त। हीरो इकोटेक द्वारा किशोरों और वयस्कों के लिए कॉनकॉर्ड क्रूजर बाइक, आउटडोर रोमांच के लिए आदर्श। सक्रिय अवकाश के लिए तैयारी फिटनेस के शौकीनों और आउटडोर मौज-मस्ती के शौकीनों के लिए वॉलमार्ट ने अपने एथलेटिक वर्क्स प्राइवेट ब्रांड के तहत सॉकर बॉल और शिन गार्ड जैसे भारत में निर्मित खेल का सामान पेश किया है। ये उत्पाद गुणवत्ता और प्रदर्शन को जोड़ते हैं, जिससे परिवारों को छुट्टियों के दौरान सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत से उत्पादों की सोर्सिंग करके, वॉलमार्ट न केवल अपने अमेरिकी ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली पेशकश प्रदान करता है, बल्कि वैश्विक बाजारों तक पहुंच प्रदान करके भारतीय निर्माताओं का भी समर्थन करता है। वॉलमार्ट 2027 तक सालाना 10 अरब डॉलर के निर्यात के लक्ष्य की ओर काम कर रहा है। वॉलमार्ट ने भारत स्थित आपूर्तिकर्ताओं से 30 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात प्राप्त किया है।

# सारी दुनिया के देशों के शेयर बाजार में हाहाकार



नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

**अमेरिकी फैड रिजर्व ने अगले साल ब्याज दरों में कम कटौती करने का अनुमान जताया है। उसके बाद से दुनिया भर के शेयर मार्केट में हाहाकार मचा हुआ है। विदेशी निवेशकों ने विशेष रूप से भारत के शेयर बाजार से भारी मात्रा में बिकवाली शुरू कर दी है। लगातार पांचवें दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। साप्ताहिक अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को 1100 अंकों की गिरावट के साथ बाजार बंद हुआ।**

**सोने-चांदी और क्रिप्टो करेंसी में भी गिरावट**

लगातार 5 दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। निवेशको को लगभग 12 लाख करोड रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है।

अमेरिकी फैड रिजर्व के सख्त रुख के कारण भारतीय बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। जिसके कारण बीएसई और निफ्टी में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार में बैंकिंग और रियल स्टेट के निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार बैंकिंग और आईटी जैसे शेयर में मुनाफा वसूली का दौर देखने को मिल रहा है। बैंकिंग और आईटी के शेयर में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार अगले सप्ताह भी गिरावट देखने को मिल सकती है।आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है वैश्विक आर्थिक मंदी को देखते हुए अनिश्चितता का वातावरण बना रहेगा 20 जनवरी को अमेरिका में जब राष्ट्रपति पद की डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेंगे। उसका असर भी अर्थव्यवस्था में पड़ना तय माना जा रहा है।

# दिल्ली मुंबई के बाद इंदौर तीसरा ऐसा शहर जहां लगी प्रो साउंड लाइट एक्सपो




इन्दौर,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

स्थानीय बायपास स्थित लाभगंगा गार्डन में एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम में तीन दिवसीय भारत प्रो साउंड लाइट एक्सपो का शुभारंभ हुआ। इन्दौर में पहली बार आयोजित अपनी तरह के इस पहले और अनूठे एक्सपो में साउंड एंड लाइट से जुड़ा हर एक जरूरी सामान उपलब्ध हैं। देश व विदेश के उत्पादकों ने इस एक्सपो में खास तौर एलईडी स्क्रीन, डीजे मशीन, माइक, स्पीकर, म्यूजिक कॉन्सर्ट सेटअप सहित म्यूजिक सिस्टम के हर प्रोडक्ट को पेश किया गया है। एक्सपो का शुभारंभ साउंड लाइट एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण खत्री, यूपी सरकार के राज्यमंत्री और भारतीय व्यापार उद्योग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शांतिलाल जांगिड़, सचिव सुधीर चौपड़ा, कोषाध्यक्ष विक्रम नाहटा, सहित एसोसिएशन के सदस्य कमल डबलानी, मुकेश थदानी, गणेश बरेठा, सुरेश जैन की मौजूदगी में हुआ।

# भारत की पीएलआई योजनाएं: आत्मनिर्भर भारत की ओर महत्वपूर्ण कदम

**भारत के विजन को दे रही नई दिशा, 1.97 लाख करोड़ का प्रोत्साहन**

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)।




भारत के आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाएं एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही हैं। इस योजना के तहत 1.97 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जो देश की विनिर्माण और निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है। नवंबर 2020 में शुरू की गई इस योजना ने अब तक अनेक उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। इसके तहत 1.46 लाख करोड़ रुपए के निवेश को प्रोत्साहित किया गया है, जिससे 12.50 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा दिया गया है।

इसके साथ ही, 4 लाख करोड़ रुपए के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है और 9.5 लाख लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। इस योजना ने 14 प्रमुख क्षेत्रों में अपना प्रभाव दिखाया है, जिसमें मोबाइल निर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, और उन्नत रसायन कोशिका बैटरियां शामिल है। यह योजना देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके साथ ही पीएलआई योजना ने विभिन्न क्षेत्रों में अनुकूलित एंकर इकाइयों की मदद से आपूर्ति श्रृंखला में सुधार किया है, जिससे एमएसएमई क्षेत्र में नई विनिर्माण इकाइयों का विकास हो रहा है। पीएलआई योजना के तहत विभिन्न 14 क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकी विकास की उम्मीद है। इसके माध्यम से यह साबित हो रहा है कि पीएलआई योजना भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### भारत कुवैत की...

कुवैत दौरे में पीएम मोदी दोनों देशों के बीच आर्थिक और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर जोर देंगे। भारत और कुवैत काफी पुराने सहयोगी हैं और दोनों देशों के बीच लगभग 10 बिलियन डॉलर (85000 करोड़ रुपए) का द्विपक्षीय व्यापार होता है। लगभग 10 लाख भारतीय कुवैत में रहते हैं। ऐसे में पीएम मोदी की इस यात्रा का महत्व और भी बढ़ जाता है।

रामायण और महाभारत अरबी भाषा में प्रकाशित पुस्तक के प्रकाशक अब्दुल्ला लतीफ अलनेसेफ और रामायण-महाभारत को अरबी में अनुवाद करने वाले अब्दुल्ला बैरन ने कुवैत सिटी में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। तलीफ अलनेसेफ ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। पीएम मोदी इससे बहुत खुश हुए। ये पुस्तकें बहुत महमत्वपूर्ण हैं। उन्होंने (पीएम मोदी) दोनों पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, कुवैत पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है और यह यात्रा निसंदेह विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कुवैत दोस्ती को मजबूत करेगी। मैं आज और कल के लिए तय कार्यक्रमों का इंतजार कर रहा है। एक भारतीय प्रवासी महिला ने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए खुश हैं। वह एक दूरदर्शी नेता हैं। वहीं, प्रवासी भारतीय समुदाय के एक और सदस्य ने कहा, सभी भारतीय नागरिक कुवैत में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए खुश हैं। प्रधानमंत्री ने कुवैत सिटी में भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। हाथों में तिरंगा थामे भारतीय मूल के लोगों का उत्साह भी इस दौरान देखने लायक रहा। प्रधानमंत्री से मिलकर भारतीय समुदाय के लोग बेहद खुश दिखाई दिए।

भारत और कुवैत के बीच राजनयिक संबंध 1961 में स्थापित हुए थे। कुवैत की आजादी को सबसे पहले मान्यता देने वाले देशों में भारत भी एक था। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार और सांस्कृतिक क्षेत्रों में लंबे समय से सहयोग रहा है। कुवैत भारत के लिए तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और 1961 तक भारतीय रुपया कुवैत में चलन में था। पीएम मोदी की सरकार में पश्चिम एशिया पर खासा फोकस किया गया है। प्रधानमंत्री के कुवैत दौरे को भी उसी नीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी अब तक 13 बार विभिन्न अरब देशों की यात्राएं कर चुके हैं, जिनमें यूएई, कतर, सऊदी अरब, ओमान और बहरीन शामिल हैं।

### दिलों ने भी...

खजूर और शानदार नस्ल के घोड़े भारत जाते थे और भारत से भी बहुत सारा सामान यहां आता रहा। भारत के चावल, चाय, मसाले, कपड़े, लकड़ी यहां आती थी। भारत की नावों में सवार होकर कुवैत की नाविक लंबी यात्रा करते थे। कुवैत के मोती भारत के लिए किसी हीरे से कम नहीं रहे हैं। आज भारत की ज्वेलरी की पूरी दुनिया में धूम है, तो उसमें कुवैत के मोतियों का भी योगदान है।

पीएम मोदी ने कहा, गुजरात में तो हम बड़े-बुजुर्गों से सुनते आए हैं कि पिछली शताब्दियों में कुवैत से कैसे लोगों का व्यापारी-कारोबारियों का आना-जाना रहता था। खासतौर पर 19वीं शताब्दी में ही कुवैत से व्यापारी सूरत आने लगे थे। तब सूरत कुवैत के मोतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार हुआ करता था। सूरत हो या पोरबंदर हो, गुजरात के बंदरगाह इन पुराने संबंधों के साथी हैं। कुवैती व्यापारियों ने गुजराती भाषा में अनेक किताबें भी प्रकाशित की हैं। गुजरात के बाद कुवैत के व्यापारियों ने मुंबई और दूसरे बाजारों में भी अलग पहचान बनाई थी।

### इमारतों से...

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। कजान का रूस के इतिहास में अहम स्थान है और ये शहर रूस के उद्योग, संस्कृति और धर्म का प्रमुख केंद्र है। इसे रूस की तीसरी राजधानी या खेल राजधानी भी कहा जाता है। रूस, कजान में कई अंतरराष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों की मेजबानी कर चुका है। आर्थिक रूप से कजान एक पावर हाउस है। यह शहर रूस के प्रमुख ट्रक निर्माता कामाज का घर है और यात्री हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर के उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कजान के इंजीनियरिंग, कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग काफी समृद्ध हैं।

### क्रिसमस मार्केट में ...

जिनमें से 15 की हालत नाजुक है। जर्मनी के आंतरिक मामलों के मंत्री नैन्सी फ़ेसर ने कहा कि यह खबर बेहद चौंकाने वाली है। घायलों की जान बचाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। सुरक्षा अधिकारी हमले से जुड़े साक्ष्य जुटा रहे हैं। जर्मनी के प्रधानमंत्री हेसलॉफ के अनुसार हमला करने वाले ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि उसने अकेले ही यह काम किया है। यह व्यक्तिगत अपराधी है। हमले के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। कार में विस्फोटक नहीं मिला है।

कई यूरोपीय देशों में भीड़ पर वाहन से आतंकी हमले हो चुके हैं। वर्ष 2016 में एक ट्रक चालक ने फ्रांस के नाइस में बैस्टील दिवस समारोह के दौरान प्रोमेनेड डेस एंग्लेस पर भीड़ पर हमला किया, जिसमें 86 लोग मारे गए और 458 घायल हुए। इस्लामिक स्टेट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। स्पेन के बार्सिलोना स्थित लास रैम्ब्लास में वर्ष 2017 में एक वैन सैलानियों की भीड़ पर चढ़ गई, जिसमें 13 लोग मारे गए और 130 से अधिक घायल हुए। यह हमला भी इस्लामिक स्टेट से जुड़ा माना गया था। जर्मनी के बर्लिन में वर्ष 2016 में क्रिसमस बाजार पर एक ट्रक ने हमला किया, जिसमें 12 लोग मारे गए और 56 घायल हुए। हमलावर को इस्लामिक स्टेट से जुड़ा बताया गया था। वर्ष 2017 में लंदन के वेस्टमिंस्टर ब्रिज पर एक कार ने भीड़ पर हमला किया, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई, और बाद में ब्रिज पर हुई अन्य घटनाएं भी इसी प्रकार की थीं। ये सब आतंकी घटनाएं थीं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 22 दिसंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# एसबीआई सीसीजी द्वारा निर्यातक सम्मेलन का आयोजन

**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय स्टेट बैंक, हैदराबाद सर्किल ने एसबीआई कमर्शियल क्लाइंट्स ग्रुप (सीसीजी) के सहयोग से शुक्रवार दि. 20 दिसंबर को आईटीसी काकतीय, बेगमपेट, हैदराबाद में उच्च मूल्य वाले ग्राहकों के लिए एक निर्यातक सम्मेलन आयोजित किया । उक्त कार्यक्रम में सुरेन्द्र राणा, उप प्रबंध निदेशक (खुदरा-एएसएफ), रवि रंजन, उप प्रबंध निदेशक, वैश्विक बाजार और एसबीआई के कॉर्पोरेट कार्यालय के शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।



हैदराबाद सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार ने ग्राहकों, गणमान्य व्यक्तियों और शीर्ष अधिकारियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने अर्थव्यवस्था के विकास के लिए निर्यात के महत्व पर जोर दिया और विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, आईटी और आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात क्षेत्र में तेलंगाना राज्य के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह सम्मेलन उच्च मूल्य वाले कॉर्पोरेट्स और एमएसएमई ग्राहकों के बीच तालमेल है इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में ग्लोबल मार्केट्स के उप प्रबंध निदेशक सुरेन्द्र राणा का संबोधन और ग्लोबल मार्केट्स टीम द्वारा विदेशी मुद्रा उत्पादों पर एक प्रस्तुति शामिल है।

उप प्रबंध निदेशक (खुदरा-एएसएफ) सुरेन्द्र राणा ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात के भारत सरकार द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर बल दिया और इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों से योगदान का अनुरोध किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में सतत वृद्धि के लिए विनिर्माण क्षेत्र के विकास में निर्यातकों की बड़ी भूमिका है।

ग्लोबल मार्केट्स के उप प्रबंध निदेशक रवि रंजन ने निर्यातकों को विभिन्न बैंकिंग समाधान प्रदान करने में ग्लोबल मार्केट्स द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने देश के निर्यात में तेलंगाना राज्य की भूमिका की सराहना की और इस बात पर भी प्रकाश डाला कि तेलंगाना राज्य की वृद्धि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि से आगे निकल गई है।

इसके बाद एक संवादात्मक सत्र हुआ जिसमें निर्यातकों ने बैंक के उत्पादों और प्रक्रियाओं पर विभिन्न स्पष्टीकरण मांगे। निर्यातकों ने इस तरह की बैठक आयोजित करने और उनके प्रश्नों और चिंताओं को दूर करने के लिए बैंक के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन सीसीजीआरओ की महाप्रबंधक श्रीमती विद्या राजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने सभी ग्राहकों और गणमान्य व्यक्तियों को बैंक के प्रति उनके निरंतर संरक्षण और सहयोग के लिए इस मंच का उपयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।




# माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयुष्मान भारत कार्ड शिविर 23 को

**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माँ दुर्गा कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गत शनिवार को भारत सरकार द्वारा घोषित प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए 5 लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य लाभ योजना के लिए आयुष्मान भारत कार्ड बनवाए गए थे। जिसकी अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विनय किशोर तायल एवं एडवोकेट हेमा मालिनी तायल द्वारा उनके निवास घाँसी बाज़ार में सोमवार दि. 23 दिसम्बर को दोपहर 12.00 से अपराह्न 4.00 बजे तक आयुष्मान कार्ड बनाने का शिविर लगाया जा रहा है।



ट्रस्ट के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक हो वे लोग अपना कार्ड निःशुल्क शिविर में पधारकर बनवा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड के लिए आधार कार्ड पर संपर्क पते में तेलंगाना राज्य का लिखा होना, टेलीफोन नंबर का लिंक होना अनिवार्य है। ऐसे कार्ड धारक इस योजना के लिए कार्यक्रम के संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल के मोबाइल 9396222880 पर अपने आधार कार्ड की फोटो भेज सकते हैं। जिनके आधार कार्ड ट्रस्ट को प्राप्त होंगे उनके ही आयुष्मान भारत कार्ड निःशुल्क बनाए जाएंगे ।

विज्ञप्ति के अनुसार जिन्होंने अपने कार्ड रजिस्टर करवा लिए हैं और यदि उनको आयुष्मान कार्ड प्राप्त नहीं हुआ हो तो वे अपने आधार कार्ड की फोटो शिविर संयोजक को भेज सकते हैं। ट्रस्ट द्वारा उनका कार्ड व्हाट्सअप पर दिया जाएगा । शहर में जनकल्याण के लिए यह निःशुल्क सेवा करने का निर्णय माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ने ली है। अतः सभी नगरवासियों से आग्रह किया गया कि उक्त सेवा का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त करें। अधिक जानकारी हेतु मुकुंदलाल अग्रवाल 9396222880, विनय किशोर तायल 7032412688, एडवोकेट हेमा मालिनी तायल 9246364212 से संपर्क किया जा सकता है। ट्रस्ट के पास आयुष्मान भारत कार्ड अस्पतालों की सुविधा सूची भी उपलब्ध है जिन्हें अस्पतालों की सूची चाहिए वह कार्यक्रम संयोजक से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

# हरियाणा के राज्यपाल ने राष्ट्रपति निलयम में राष्ट्रपति मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की


**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को यहां सिकंदराबाद के बोलारम स्थित राष्ट्रपति निलयम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।



मुलाकात के दौरान दत्तात्रेय ने भगवान कृष्ण की विराट रूप की एक प्रतिमा भेंट की, जिसमें महाभारत के उस क्षण को दर्शाया गया है, जब वे युद्ध के मैदान में अर्जुन को भगवद गीता का दिव्य ज्ञान प्रदान करते हैं।यात्रा के दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति को कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सफल आयोजन के बारे में भी अवगत कराया, जिसमें भगवद गीता की शाश्वत शिक्षाओं का जश्न मनाया गया और वैश्विक ध्यान आकर्षित किया गया।




पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में शनिवार दि. 21 दिसंबर को पीआरएसआई, हैदराबाद चैप्टर को सर्वश्रेष्ठ चैप्टर का पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार नंद कुमार साईं, पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग और पूर्व सांसद और विधायक और पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने प्रदान किया। पीआरएसआई हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. एस रामू और सचिव डॉ. के. यादगिरी के नेतृत्व में चैप्टर के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किया।



नवभारत निर्माण संघ ने पुराने शहर विशेषकर धूलपेट क्षेत्र में शिक्षा के माध्यम से उत्कृष्ट सेवाओं के लिए श्रीमती ठाकुर पद्मिनी सिंह (प्रिंसिपल सेंट साई विद्या निकेतन हाई स्कूल, पुराना पूल हैदराबाद) को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अमृत कुमार जैन, संघ अध्यक्ष एस. रवि कुमार, डॉ. रुशुल सिंह ठाकुर, डॉ. तेजल सिंह ठाकुर एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद कोटी द्वारा क्षेत्र की शाखाओं के स्टाफ सदस्यों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यशाला का शुभारंभ क्षेत्र प्रमुख कल्याण वर्मा के वक्तव्य से हुआ । अपने वक्तव्य में उन्होंने हिंदी को व्यवसाय की तथा भावनाओं की भाषा बताया और राजभाषा में कार्य करने की तथा भारतीय भाषाओं को सीखने की अपील की । उप क्षेत्र प्रमुख जे. जुम्मीलाल ने शाखाओं में राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन करने पर जोर दिया । उप क्षेत्र प्रमुख एम. महेश्वर स्वामी ने डिजिटल बैंकिंग के दौर में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद कोटी के राजभाषा प्रभारी कांबले साहेबराव ने राजभाषा नीति तथा शाखाओं में राजभाषा के कार्यान्वयन पर सत्र लिया तथा क्षेत्रीय कार्यालय पंजागुट्टा की राजभाषा प्रभारी सुश्री तपस्वनी महंती ने बैंक के कोर राजभाषा सोल्यूशन पोर्टल और तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर सत्र लिया। कार्यशाला का संचालन क्षेत्रीय हैदराबाद कोटी के राजभाषा प्रभारी ने किया। प्रतिभागियों के प्रतिक्रिया एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# राधे राधे ग्रुप द्वारा अन्नदान किया गया




**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत शनिवार को स्व. श्री ताराचंद जी गुप्ता की पावन स्मृति में (मासिक पुण्यतिथि) नरेश गुप्ता परिवार (एक्सप्रेस रोडवेज प्रा.लि.) ने नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्प-ाहार वितरित किया।

इस अवसर पर सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, भगतराम गोयल, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल मायारामजी अग्रवाल, ई. जगन (चंपापेट), संजय गोयल, नंदकिशोर अग्रवाल, प्रीतिका अग्रवाल, नरेश गुप्ता, इंदु गुप्ता, राजीव गुप्ता, राजेश गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, सुशील गुप्ता, शीतल गुप्ता एवं राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गौरक्षादल ने तीन गाड़ियों में मौजूद 36 गोवंश को कटने से बचाया

**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** काटने के मकसद से अवैध रूप से हैदराबाद लाई जा रही गोवंश को गौ रक्षा दल तेलंगाना, हिंदू वाहिनी, बजरंग दल और हिंदू तख्त के कार्यकर्ताओं ने गाय बचाओ विशेष अभियान के तहत बचा लिया है। ज्ञात हो कि यह अभियान सनातनी नववर्ष जारी है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के महासचिव एवं टीटीडी के पूर्व गौसंरक्षक कोटी श्रीधर ने बताया कि गौरक्षकों ने पहली गाड़ी नं. एपी39 यूजेड 7943 पकड़ी। जिसमें 12 गोवंश एवं दूसरी गाड़ी नं. एपी39 टीएक्स 6359 जिसमें मौजूद 15 गोवंश तथा तीसरी गाड़ी एपी 39 यूसी 3233 में मौजूद 9 गोवंश को भोनगीर पुलिस की सहायता से छुड़ाया गया। इन सभी गाड़ियों में



कुल 36 गोवंश को मौजूद थे। गाड़ियों में भरे गोवंश को हैदराबाद के कत्लखाने में अवैध रूप से ले जाया जा रहा था।

बचाई गई गोवंश को पुलिस की सहायता से श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में छोड़कर उन्हें जीवन दान दिया गया। विज्ञप्ति में बताया गया कि गौरक्षा के इस महा अभियान में - कोटी श्रीधर, गौरक्षा दल तेलंगाना प्रेसिडेंट कालू सिंह, गोरक्षा दल आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष विजय रामकुमार यादव, बीजेपी गोशामहल कॉरपोरेटर लाल सिंह , बीजेवाईएम युवा मोर्चा मेडचल प्रेसिडेंट पवन रेड्डी, बजरंग दल के अप्पल जिला कन्वीनर सुनील नायक , बीजेपी तुक्कुगुड़ा काउंसलर यादगिरी अन्ना, टाउन कन्वीनर नामले नवीन, कॉरपोरेशन कन्वीनर जदला अक्सये, कंपोजीशन लीटर बगी भारत कुमार, अविनाश, टाउन को प्रोटेक्शन लीडर गुडेबोनिया, शिव शंकर, मयूरी जॉइंट नालगोंडा डिस्ट्रिक विभाग कन्वीनर कोकल संदीप, जिला कन्वीनर बकला बानो, हिंदू वाहिनी के के. शिव प्रसाद, यूढारी राम राजू, टाउन कोऑर्डिनेटर भाजपा किसान युवा मोर्चा भंवरिया, बालदास राजू, बीजेपी पार्षद सतीश यादव, रविंद्र गौड, बीजेपी मेडिकल जिला रविंदर गौड, डॉ.इरम पुरणाम शांति गुप्ता, उमा देवी धनखड़, रवि नंद्रेकर, गौ रक्षा दल सिटी प्रेसिडेंट शंकर यादव, मोगली संजय स्वामी, नागराज, साई किरण, बी नरेश स्वामी, के महेश स्वामी ,प्रवीण ,वीर नायक, सतीश, नागेश, लक्ष्मण ,श्रीकांत, बीजेपी, छोटू ,लोकेश, मोहन, बंटी, मोहन यादव, आयुष राज, सरवन रेड्डी, बोटू पवन, चंदू ,कोटी मयूरेश, सोनू सिंह, बिरला प्रेसनाथ, भारत, टिल्लू, मनीष, रमेश, सचिन, साईं, अजय, सुनील, सतीशसिंह, रवि नंद्रेकर, सुमंत, मिलन, बजेश, चिंटू राज ,विष्णु,सजल, शिव ,राहुल, अनिल ,आशीष, सुमित, विनय ,सहित अन्य गौ रक्षक मौजूद थे।



# गौ महापद यात्रा का कनकदुर्गा मंदिर में हुआ भव्य स्वागत

## ऐतिहासिक गौ महापद यात्रा के अंतर्गत भव्य रैली आज




**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गौरक्षा महापदयात्रा (पुंगनूर गौमाता के साथ) गत 87 दिनों से 9 राज्यों में 2600 किमी से अधिक पैदल चलकर हैदराबाद पधारे बालकृष्णा गुरु स्वामी का बशीरबाग स्थित कनकदुर्गा नागलक्ष्मी मंदिर में भव्य स्वागत किया गया।लव फॉर काऊ फाउंडेशन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि ..गाय बचाओ, पृथ्वी बचाओ, देश बचाओ.. नारे के साथ कश्मीर से कन्याकुमारी तक गौरक्षा महापदयात्रा (पुंगनूर गौमाता के साथ) गत 87 दिनों से 9 राज्यों में 2600 किमी से अधिक पैदल चलकर बालकृष्णा गुरूस्वामी एवं साथीगण शनिवार दि. 21 दिसंबर को बशीरबाग स्थित कनकदुर्गा मंदिर पहुंचे, जहाँ पर उनका लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री स्वामी कमलेश महाराज, श्री जगन्नाथ मंदिर झीरा के महंत अच्युत रामानुजार्य, श्री गुजराती ब्राह्मण समाज अध्यक्ष तरूण महेता, भाग्यनगर अय्यप्पा सेवा समिति के अध्यक्ष राधाकृष्णा, मलकपेट अय्यप्पा सेवा समिति अध्यक्ष गुरू स्वामी रामचंद्र, प्रसिद्ध समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल, कनकदुर्गा मंदिर के पुजारी मोतिशंकर तिवारी आदि ने भव्य स्वागत किया । स्वागत कार्यक्रम के पहले गौमहापद यात्रा की संकल्प पूर्ति के लिए कनकदुर्गा नागलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की गयी।

इस अवसर पर बालकृष्ण गुरुस्वामी ने कहा कि गौ महापद यात्रा गत 27 सितंबर 2024 को कश्मीर से कन्याकुमारी तक निकाली गयी। जो कश्मीर से आरंभ होकर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र होते हुए तेलंगाना राज्य की धन्यधरा बशीरबाग स्थित कनकदूर्गा मंदिर पहुँची। जहाँ से भी यह गौ महापद यात्रा निकली वहां गौभक्तों ने इसका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। यात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में भक्तों, सनातन धर्म प्रेमियों, राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने इस महापद यात्रा की सराहना की। बालकृष्ण ने कहा कि उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य ..गाय बचाओ, पृथवी बचाओ, देश बचाओ.. है। जबतक गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा प्राप्त नहीं होगा तब तक वह इस आंदोलन को जारी रखेंगे।

लव फॉर काऊ के संस्थापक रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि गौमहापद यात्रा रविवार 22 दिसम्बर को सुबह 8.00 बजे कनकदुर्गा मंदिर में पूजा के पश्चात सप्त गौ माताओं के साथ पदयात्रा भव्य रैली के रूप में आरंभ होकर आबिडस, मोझमजाही मार्केट, सिद्दीअम्बर बाजार, अफजलगंज, मदिना, गुलजार हौज होते हुए सुबह 10.30 बजे चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर पहुँचेगी। वहां गौ माता की महाआरती व स्वागत कार्यक्रम होगा। गौमहापद यात्रा दोपहर 1.30 बजे से मीरआलम मंडी में गाजुला अंजय्या के महाकालेश्वर मंदिर में पहुँचेगी। जहां पर सभी से लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। हैदराबाद-सिकंदराबाद सहित सभी सनातन धर्मी एवं गौ प्रेमियों को ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया गया।इस अवसर पर कमलेश स्वामी ने कहा कि गौसेवा का तेज इतना प्रभावी होता है कि जीवन से सारे कलेश समाप्त हो जाते हैं। एक बार गौसेवा करके देखिए, आपका जीवन इस तरह आनंद से भर जायेगा जिसकी आपने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होने सभी गौभक्तों से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों से जुडकर पुण्य के भागी बनने गाय को राष्ट्र माता बनाना है जिसके लिए सभी भक्त वहां जमा हो कर आंदोलन को आगे बढाना होगा।

अच्युत रामानुजाचार्य ने सभी हिन्दु तथा सनातन जनमानस, गौभक्तों को एक मंच पर आने तथा बड़ी संख्या में गौसेवा के कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया । उन्होने आगे कहा कि रविवार दि. 22 दिसम्बर को सुबह 8.00 बजे बशीरबाग स्थित माता के मंदिर में पूजा अर्चना और तत्पश्चात आयोजित महा रैली में भारी से भारी संख्या में भक्त भाग लें और गौ माता के लिए समर्पित भाव से इस विशाल यात्रा में शामिल होकर हिन्दू एकता का परिचय दे।भाग्यनगर अय्यप्पा सेवा समिति के अध्यक्ष राधाकृष्णा, मलकपेट अय्यप्पा सेवा समिति अध्यक्ष गुरु स्वामी रामचंद्र आदि अय्यप्पा भक्तों ने नगरद्वय के सभी अय्यप्पा भक्तों से उक्त महारैली से जुड़ने का आग्राह किया ।



लिटिल फ्लावर हाई स्कूल, एबिड्स, हैदराबाद ने अपने बहुप्रतीक्षित लिटिल फ्लावर फिएस्टा सह वार्षिक दिवस 2024-25 का भव्य समारोह और छात्रों द्वारा जीवंत प्रदर्शन के साथ आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा पारंपरिक पोशाक में प्रस्तुत भारतीय सांस्कृतिक नृत्य से हुई, जिसमें देश की समृद्ध विरासत को दर्शाया गया।




मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा कबूतरों को दाना डाला गया। अध्यक्ष जैन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रकल्प जन सेवा के तहत लोअर टैंकबंड पर कबूतरों के लिए दाना की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष रक्षा जैन, रक्तदान संयोजिका पूनम बोहरा, मीना दुग्गड, संतोष बोहरा, मंजू घोडेला का सराहनीय सहयोग रहा। सुनीता डूंगरवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अकबरुद्दीन ओवैसी ने की अल्लू अर्जुन की आलोचना



**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान सांथ्या थिएटर में भगदड़ की घटना का मुद्दा तेलंगाना की विधानसभा में शनिवार को जोर-शोर से उठा। इस घटना पर एमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और अल्लू अर्जुन का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि अभिनेता को घटना के बारे में जब बताया गया तो उन्होंने कहा 'अब फिल्म हिट होगी'। अकबरुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाते हुए गैर-जिम्मेद-ाराना व्यवहार करने के लिए अल्लू अर्जुन की आलोचना की। अकबरुद्दीन ने मांग की कि सरकार ऐसी घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने सरकार से ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए कदम उठाने को कहा।

## केंद्रीय हिंदी संस्थान का 480वां नवीकरण पाठ्यक्रम समापन समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र पर आयोजित 480वें नवीकरण पाठ्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी निदेशक केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा ने की। मुख्य अतिथि प्रो. शुभदा वांजपे पूर्व हिंदी अध्यक्ष, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद पाठ्यक्रम संयोजक क्षेत्रीय निदेशक प्रो. गंगाधर वानोडे, पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. फत्ताराम नायक तथा अतिथि अध्यापक डॉ. दीपेक व्यास व डॉ. राजीव कुमार सिंह भी मंच पर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना श्वेता लांडे व अक्षता शेंडे द्वारा की गई। संस्थान गीत स्वाती पोतदार एवं समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत धनश्री कोडेंकर, रेखा रावराणे एवं समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 31 (महिला-08, पुरुष-23) प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस पाठ्यक्रम के दौरान प्रो. गंगाधर वानोडे ने भाषाविज्ञान तथा उसके विविध पक्ष, ध्वनि, उच्चारण, भाषा परिमार्जन, भाषा कौशल, लेखन कौशल, डॉ. फत्ताराम नायक ने हिंदी व्याकरण तथा उसके विविध पक्ष, रस, छंद एवं अलंकार, शब्द शक्तियाँ, भारतीय ज्ञान परंपरा, डॉ. दीपेश व्यास ने हिंदी साहित्य का इतिहास, हिंदी भाषा का उद्भव व विकास, सृजनात्मक लेखन, साहित्य शिक्षण, डॉ. सी. कामेश्वरी ने हिंदी शिक्षण में प्रोद्यौगिकी का प्रयोग, हिंदी में रोजगार की संभावनाएँ, डॉ. राजीव कुमार ने भाषा शिक्षण, साहित्य शिक्षण, पाठयोजना (गद्य/पद्य), शिक्षा मनोविज्ञान विषय को संपन्न किया तथा डॉ. संध्या दास ने कविता शिक्षण विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

इस कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी ने कहा कि मुझे विश्वास है, जब आप प्रथम बार आए थे तब आपने जो शंकाएँ व्यक्त की थी, उनका निश्चय ही समाधान हुआ होगा। नवीकरण ज्ञान अर्जन का माध्यम है, इससे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। आपके कर्म ही आपकी पहचान बनेंगे। आपको स्वयं को इतना बुलंद बनना है कि छात्र आपका अनुकरण करें।

मुख्य अतिथि प्रो. शुभदा वांजपे ने कोल्हापुर की संस्कृति व ज्ञान परंपरा को याद करते हुए वहाँ के रहन-सहन एवं अहिंदी भाषी प्रदेश होने के कारण हिंदी बोलने पर हो रही कठिनाइयों पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि हम सब हिंदी भाषी परिवार के सदस्य हैं और हमें हिंदी को विश्व पटल पर स्थापित करना है।

संयोजक व क्षेत्रीय निदेशक प्रो. गंगाधर वानोडे ने हिंदी में बातचीत पर जोर देते हुए कहा कि आप कक्षा में हिंदी में बातचीत करें, जिससे हिंदी के वातावरण में सृजन होगा। विद्यार्थी सदैव शिक्षकों का अनुकरण करते हैं। इसलिए शिक्षकों को उत्साहित होना चाहिए।

पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. फत्ताराम नायक ने सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा कहा कि आपने जो ज्ञानार्जन किया है, उसे अपने विद्यार्थियों के बीच फैलाकर देश के भावी नागरिक तैयार करें। डॉ. दीपेश व्यास ने कहा कि शिक्षकों को हमेशा नई-नई चीजें सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए।

DAILY खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रु.500/- में
साईज : 12 x10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345

## तेलंगाना गटका टीम का पहले राष्ट्रीय पीथियन खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन




**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना गटका टीम के खिलाड़ियों ने राज्य समन्वयक सरदार जसबीर सिंह के नेतृत्व में पंचकुला, हरियाणा में आयोजित पहले राष्ट्रीय पीथियन खेलों में अपनी अद्वितीय क्षमताओं का प्रदर्शन किया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में तेलंगाना गटका संघ के महासचिव विशाल सिंह ने बताया कि तेलंगाना के खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन और अनुशासन दिखाया, जो उनके कठिन परिश्रम और खेल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गटका प्रतियोगिता में उनके प्रयासों और प्रदर्शन ने राज्य को गौरवान्वित किया और पारंपरिक मार्शल आर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता को उजागर किया।उक्त कार्यक्रम गटका को एक पारंपरिक मार्शल आर्ट के रूप में राष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। राष्ट्रीय पीथियन खेल प्रतियोगिता पंचकुला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित की गई, जहां गटका को एक आधिकारिक खेल के रूप में शामिल किया गया। 12 राज्यों की टीमों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लगभग 250 खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा की। तेलंगाना टीम ने अपने अनुशासन, टीमवर्क और गटका तकनीकों के बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। गतका खेल में भाग लेने पर तेलंगाना टीम को अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, No.6947360H HAV RAJ KUMAR of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, TS that my father Name is changed from CHHOTE LAL to CHHOTE.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, No.JC 735969Y Nb Sub NAGARJUNA REDDY.M of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, TS that my Father Name & D.O.B is changed from M.PAPI REDDY & 10-06-1960 to MARAPUREDDY PAPI REDDY & 01-01-1950 and my son name is changed from M.LALITH ADITYA REDDY to MARAPUREDDY LALITH ADITYA REDDY.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, M.LAKSHMI NARAYNI spouse of Army No.JC735969Y Nb Sub NAGARJUNA REDDY.M R/o.vill and post:Mundlapadu,Teh:Giddalur, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh - 523367 have changed my name & D.O.B from M.LAKSHMI NARAYNI & 16-07-1990 to MARAPUREDDY LAKSHMI NARAYANI & 20-06-1990 vide affidavit dt:21-12-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No.15814737N Hav Tamil Selvan P of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my father name and DOB is changed from Y PANDIYAN, DOB:07-06-1955 to PANDIYAN, DOB:07-06-1960 and mother name & DOB is changed from V SARASWATI, DOB:15-08-1965 to SARASWATHI, DOB:15-08-1969.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SHAIK AMIRUNISSA Mother of Service No. 15333066F Hav SATTAR SHAIK, R/o.H.No.2-118, Vill:Peddaltikampadu, Teh:Ponnur, Dist:Guntur, Andhra Pradesh-522124 have changed my name and DOB from AMERUN, DOB:01-07-1965 to SHAIK AMIRUNISSA, DOB:01-07-1968 vide affidavit dt:21-12-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SHAIK BABAVALI father of Service No. 15333066F Hav SATTAR SHAIK, R/o.H.No.2-118, Vill:Peddaltikampadu, Teh:Ponnur, Dist:Guntur, Andhra Pradesh-522124 have changed my name and DOB from BABAVALI, DOB:01-07-1960 to SHAIK BABAVALI, DOB:10-06-1960 vide affidavit dt:21-12-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SAVITA HOODA is legally wedded spouse of Service No-17024680H Rank-Hav,Name-Vijay Kumar R/o Vill & PO-Dhamar,Tehsil-,Rohtak,District- Rohtak, State-Haryana PIN-, 124401 have changed my name from SAVITA HOODA to SAVITA vide Affidavit dated 20 December 2024 before Notary C Samuel Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, GOHIL BHAGESHREEBA is legally wedded spouse of No-14677009H Rank-CFN,Name-Gohil Shaktisinh Lalubha, R/o Vill-Dihor, Post-Rajpara, Taluka-Talaja,Dist-Bhavnagar,State-Gujarat, PIN-364150,have changed my name from GOHIL BHAGESHREEBA to GOHIL BHAGESHRIBA SHAKTISINH and date of birth is 31/12/1993 vide Affidavit dated 16 December 2024 before Notary Kishor.M Mevada Bhavnagar.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-JC-775677Y Rank-Sub, Name-Satya Prakash Pandey R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad State-Telangana, PIN-500015, have changed my Mother name from PAJESHAWARI to RAMASWRI DEVI and also date of birth changed from 01/07/1955 to 15/05/1949 vide Affidavit dated 21 December 2024 before Notary C Samuel Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-14677009H Rank-CFN, Name-Gohil Shaktisinh Lalubha, R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad State-Telangana, PIN-500015,have changed my Mother name from KRISHNA BAA to GOHIL KRISHNABA LALUBHA and also date of birth changed from 01/07/1955 to 23/01/1957 vide Affidavit dated 21 December 2024 before Notary C Samuel Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No-JC-769554W Rank-Sub, Name-Umesh Kumar Mishra R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad State-Telangana, PIN-500015,have changed my Father name from RAMKEWAL MISHRA to RAM KAWAL MISHRA and Mother name also changed from - KRISHNA to KRISHNAWATI vide Affidavit dated 21 December 2024 before Notary C Samuel Secunderabad.

शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ..........
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar

# 6 बांग्लादेशी घुसपैठियों को त्रिपुरा पुलिस ने दबोचा

**अगरतला, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**
पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में पुलिस ने 6 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। इन घुसपैठियों में 2 नाबालिग और इतनी ही महिलाएं शामिल हैं। ये सभी खोवाई जिले के एक गेस्ट हाउस में छिपे थे। अब तक हुई पूछताछ में पता चला कि ये सभी घुसपैठिए दिल्ली भी गए थे। ये सभी भारत में घुसपैठ का मकसद काम की तलाश बता रहे हैं। हालांकि पुलिस इन दावों की गहराई से पड़ताल की है।

यह मामला खोवाई जिले के सुभाष पार्क इलाके का है। यहां के जिला अस्पताल के आसपास कुछ संदिग्ध लोगों की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई थी और तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान पुलिस ने रॉय गेस्ट हॉउस भी पहुंची। इस गेस्ट हॉउस में पुलिस को 6 लोग संदिग्ध दिखे। इसमें 2 महिलाएं, 2 पुरुष और 2 नाबालिग बच्चे शामिल थे। संतोषजनक जवाब न मिलने पर पुलिस इन सभी को थाने ले आई।



थाने में इन सभी संदिग्धों से हुए सवाल जवाब में इनकी पहचान 37 साल के मोहम्मद कबीर, 35 वर्षीया तानिया बेगम, 70 वर्षीया आएशा खातून, 23 साल के मुमीन, 5 वर्षीया शाहिदा और 6 वर्ष उम्र के मोहम्मद शाकिब के तौर पर हुई। पहले तो इन सभी ने पुलिस को भारतीय पहचान पत्र दिखा कर गुमराह करने की कोशिश की। जांच में ये प्रमाण पत्र फर्जी निकले तो इन सभी ने खुद के बांग्लादेश के फेनी जिले से होने का सच कबूल कर लिया।

इन्होने पुलिस को बताया कि पकड़े जाने से पहले वो सब दिल्ली भी हो आए हैं। इन्होने भारत में घुसपैठ की वजह रोजगार की तलाश बताया है। सभी आरोपितों को हिरासत में ले कर पूछताछ और उनके घुसपैठ के असल मकसद को खंगाला जा रहा है। बरामद पहचान पत्रों की जाँच कराई जा रही है। केस दर्ज कर के मामले में जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इन कार्रवाइयों के बाद सभी को वापस उनके मुल्क में भेजने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

# अब स्थानीय युवाओं को बरगलाने में कामयाब नहीं हो पा रहा पाकिस्तान

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 21 दिसंबर।**



कश्मीर के मोर्चे से यह खुशी वाली खबर कही जा सकती है कि स्थानीय युवकों को बरगलाने में अब पाकिस्तान कामयाब नहीं हो पा रहा है। इस साल प्रदेश में मारे गए आतंकियों की संख्या इसकी पुष्टि करती है। वर्ष 2024 में अभी तक 64 आतंकी मारे गए। इनमें 42 विदेशी आतंकी थे जबकि 22 जम्मू कश्मीर के नागरिक थे।

मारे गए 22 स्थानीय नागरिकों में से मात्र 2 ही ऐसे थे जो एक सप्ताह पूर्व आतंकी खेमे में शामिल हुए थे जबकि बाकी का बतौर आतंकी जीवन 8 महीनों से 3 साल का ही था।

सिर्फ 19 दिसम्बर को कुलगाम में हुई मुठभेड़ में मारा गया हिज्ब का शीर्ष आतंकी कमांडर फारूक नल्ली ही इस साल मरने वाले आतंकियों में ऐसा था जो 15 सालों से कश्मीर में एक्टिव था। जबकि उसके साथ मारे गए उसके 4 साथी 3 से 4 चार साल से कश्मीर में सक्रिय थे। इस साल अभी तक प्रदेश में जो 42 विदेशी आतंकी मारे गए उनमें से 17 वे थे जिन्होंने एलओसी को पार करने का प्रयास किया था। इन सभी को 26 मुठभेड़ों में मार गिराया गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सबसे अधिक 14 विदेशी आतंकी बारामुल्ला में होने वाली 9 मुठभेड़ों में मारे गए थे। जबकि कुछेक विदेशी आतंकियों को जम्मू संभाग में भी मार गिराया गया है। 12 विदेशी आतंकियों को जम्मू संभाग में मार गिराया गया। प्रदेश में इस साल मारे गए 22 स्थानीय नागरिकों में से सभी को कश्मीर में ही मार गिराया गया था। जबकि सुरक्षाबलों का दावा था कि इस साल मात्र दो युवा ही आतंकवाद की राह पर चले थे।

# कश्मीर में 40 दिन की भयानक सर्दी का दौर चिल्लेकलां शुरू

**जम्मू, 21 दिसंबर (ब्यूरो)।**
इंतजार खत्म हो गया है। कश्मीर में चिल्लेकलां (भयानक सर्दी का मौसम) का आगमन हो गया है। कश्मीरी इसके आने से पहले ही भयानक ठंड से चिल्ला रहे थे। उन्हें अब चिंता यह है कि इस बार चिल्लेकलां के 40 दिन के अरसे में कितनी भयानक सर्दी पड़ेगी।

कश्मीर में 21 और 22 दिसम्बर की रात से भयानक सर्दी के मौसम की शुरूआत मानी जाती है। करीब 40 दिनों तक के मौसम को चिल्लेकलां कहा जाता है। और पिछले कई सालों से इस दिन बर्फबारी सही समय पर हो रही है। नतीजतन कुदरत का समय चक्र सुधरने के कारण कश्मीरियों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं क्योंकि पिछले कई सालों से बर्फबारी के समय पर न होने के कारण वे चिल्लेकलां को ही भुला बैठे थे।

चिल्लेकलां करीब 40 दिनों तक चलेगा और उसके बाद चिल्ले खुर्द और फिर चिल्ले बच्चा का मौसम आएगा। अभी तक चिल्लेकलां के दौरान 1986 में कश्मीर में तापमान शून्य ये 9 डिग्री नीचे गया था जब विश्व प्रसिद्ध डल झील दूसरी बार जम गई थी। वैसे चिल्लेकलां के दौरान कश्मीर के तापमान में जो गिरावट देखी गई है उसके मुताबिक तापमान शून्य से 5 व 6 डिग्री ही नीचे जाता है।



दरअसल कश्मीरियों के लिए समय चक्र बदल गया है। माना कि आतंकी गतिविधियों से उन्हें फिलहाल पूरी तरह से निजात नहीं मिल पाई है लेकिन कुदरत के बदलते चक्र ने उनकी झोली खुशियों से भरनी आरंभ कर दी है। हालांकि समय चक्र के सुधार से कश्मीर में पानी की किल्लत और बिजली की कमी जैसी परेशानियों से निजात मिलने की उम्मीद तो जगी है। पूर्व में चिल्लेकलां शुरू होने से पहले कश्मीरी सब्जियों को सुखा कर तथा अन्य चीजों का भंडारण कर लेते थे मगर कई सालों से मौसम चक्र के गड़बड़ रहने के कारण वे इसे भुला बैठे थे।

श्रीनगर स्थित मौसम विभाग ने कहा कि अगले हफ्ते जबरदस्त हिमपात की संभावना है। अगले 40 दिनों तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान, दोनों में गिरावट आएगी। हिमपात और बारिश भी होगी। कुछ वर्षों के दौरान चिल्ले कलां के बजाय चिल्ले खुर्द और चिल्ले बच्चा के दौरान सबसे ज्यादा हिमपात हुआ है। इसे आप जलवायु परिवर्तन का असर भी कह सकते हैं।

हरिसा और सूखी-सब्जियां अब सारा साल ही कश्मीर में उपलब्ध रहती हैं।

चिल्ले कलां में इनकी मांग बढ़ जाती है। पहले यह सर्दियों में मिलती थी। इस समय करेला, टमाटर, शलगम, गोभी, बैंगन समेत कई अन्य सब्जियां और सूखी मछली भी बाजार में आ चुकी हैं। इन्हें स्थानीय लोग गर्मियों में सूखाकर रख लेते हैं ताकि सर्दियों में जब कश्मीर का रास्ता बंद हो जाए तो इनको पकाया जाता है। गोश्त के शौकीनों के लिए हरीसा की दुकानें पूरे कश्मीर में सजने लगी हैं। हरीसा-गोश्त, चावल व मसालों के मिश्रण से तैयार होने वाला विशेष व्यंजन है। हरिसा शरीर को अंदर से गर्म रखने के साथ कैलोरी को भी बनाए रखता है।

## मुस्लिम इलाकों में पहुंचीं कानपुर मेयर

# बंद मंदिरों के ताले खुले, देवस्थलों की दशा पर उठे सवाल

**कानपुर, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**
कानपुर में गुमशुदा और बंद पड़े मंदिरों को पुनः खोजने और उन्हें पुनर्जीवित करने का अभियान तेज हो गया है। इस पहल की अगुवाई कर रहीं कानपुर की मेयर और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमिला पांडेय ने मुस्लिम बहुल इलाकों में जाकर पुराने मंदिरों का निरीक्षण किया। यह कदम क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और पूजा-पाठ की बहाली के उद्देश्य से उठाया गया है।

मेयर प्रमिला पांडे शनिवार को भारी पुलिस बल के साथ बेकनगंज क्षेत्र के दौरे पर निकलीं। उन्होंने एक-एक करके पांच मंदिरों का निरीक्षण किया। इनमें से एक मंदिर, राम जानकी मंदिर, पर पहले से कब्जा था और वहां बिरयानी बनाने की शिकायतें मिली थीं। यह मंदिर अब शत्रु सम्पत्ति घोषित होने के बाद सील कर दिया गया है। मेयर ने एक अन्य मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, का दौरा किया जहां शटर लगा हुआ था और अंदर कूड़ा भरा था। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को इसे खाली करने और मंदिर की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। शिव मंदिर का दौरा करने पर शिवलिंग के अवशेष मिले, लेकिन शिवलिंग गायब था।



मेयर ने यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि इन मंदिरों को पुनः पूजा-अर्चना के लिए तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिरों की सुरक्षा और संरक्षण स्थानीय समुदाय की जिम्मेदारी है। साथ ही मंदिरों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मेयर प्रमिला पांडेय ने कहा कि इस जगह को सुनार गली कहते हैं। यहां पर अग्रवाल समुदाय के लोग रहते थे। कहा जाता है कि यहां हर 10 घर के बाद एक मंदिर और कुआं हुआ करता था। जो अब नहीं है। अगर हमारे मंदिर हैं तो मूर्तियां कहां गई? किसी भी धर्म-समुदाय के लोग हों अगर मंदिर वहां पर है तो उसकी सुरक्षा करना वहां के लोगों का कर्तव्य है। अब यहां पर मंदिर नहीं है। इन लोगों को खाली करना पड़ेगा। यहां पर अब फिर से पूजा पाठ होगा।

आरटीआई से खुलासा हुआ था कि कानपुर में 325 मंदिर स्थित हैं, जिसमें से मुस्लिम बहुल इलाकों में स्थित 125 मंदिरों पर कब्जे हैं। सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति के अनुसार, कानपुर के मुस्लिम बहुल इलाकों में 325 मंदिरों की पहचान की गई है, जिनमें से 125 मंदिरों पर कब्जा किया जा चुका है। समिति ने अब तक 35 मंदिरों की खोज की है, जो पूरी तरह खंडित हो चुके हैं। इससे पहले, मेयर के अभियान से पहले कानपुर नगर निगम ने अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलवाया था। बेकनगंज के पास 100-125 साल पुराने तीन मंदिरों को कब्जे से मुक्त कराया गया और उनकी सफाई की गई। इनमें एक शिवजी और दो हनुमानजी के मंदिर शामिल थे।


कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि बेकनगंज थाना क्षेत्र में मंदिरों के विषय में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। पुलिस ने स्थलीय निरीक्षण के बाद तीन मंदिरों को कब्जे से मुक्त कराया। पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का दावा किया है।

# महाकुंभ-2025 : प्रयागराज शहर में बनेंगे लघु मंच, तय किए गए 20 स्थल

### लघु मंचों पर उतरेगी समूचे भारत की संस्कृति

**लखनऊ, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**
योगी सरकार के निर्देशन में महाकुंभ में 10 जनवरी से 24 फरवरी तक लोककलाओं के जरिए समूचे भारत का दर्शन होगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। 45 दिन तक प्रयागराज में 20 स्थानों पर लघु मंच बनेंगे, जहां भारत की संस्कृति का दीदार पर्यटक, श्रद्धालु व आमजन करेंगे। य़हां कई विधाओं पर आधारित लोकनृत्य की भी प्रस्तुति होगी। इसके अतिरिक्त नागवासुकि क्षेत्र में भी सांस्कृतिक मंच बनेगा, जहां रामलीलाओं को देख कल्पवासी व श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगे।

महाकुंभ के दौरान संस्कृति विभाग की तरफ से प्रयागराज शहर के भीतर 20 स्थलों पर लघु मंच बनाए जाएंगे, जहां प्रदेश की विभिन्न लोककलाओं का 45 दिन तक प्रदर्शन होगा। विभाग की तरफ से यह स्थल चयनित कर लिए गए हैं। यह स्थान रीवा मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर नैनी चौराहा हनुमान मंदिर के बगल में, संगम बांध लेटे हनुमान जी मंदिर के समीप किले की दीवार से सटे खाली स्थान पर, गऊघाट में इविनिंग क्रिश्चियन कॉलेज के सामने, कीडगंज में मिंटो पार्क गेट के बगल, प्रदर्शनी स्थल के समीप खाली स्थान, किला चौराहा के कॉर्नर, हाईकोर्ट-धूमनगंज रोड-सुलेमसराय में नगर निगम चौराहा गेट नंबर-2 हॉस्पिटल के सामने, दरभंगा चौराहा के समीप, सिविल लाइंस पत्थर् वाला चर्च के निकट विशप जॉनसन कॉलेज के निकट बस स्टॉप के बगल में, बालसन चौराहा पर महर्षि भारद्वाज की मूर्ति के नीचे खाली स्थान पर, जॉनसनगंज चौराहा के निकट खाली स्थान पर पुलिस बूथ के समीप, लोकसेवा आयोग की तरफ मिश्रा चौराहे के बाएं कोने पर, अलोपीबाग में गीता निकेतन गेट के बगल में उपनिदेशक उद्यान कार्यालय के समीप, मानसरोवर सिनेमा चौराहा-रामबाग रेलवे स्टेशन के समीप राजर्षि टंडन मंडप के सामने, यूनिवर्सिटी रोड चौराहा, पर पवन बिहार के बगल में, अरैल मोड़ पर फूल मंडी के बगल में, फाफामऊ पुल के नीचे गंगा किनारे नवनिर्मित सड़क के किनारे, गदा माधव तिराहा से मेला क्षेत्र जाने वाली सड़क किनारे, महर्षि भारद्वाज तिराहा पर मेला क्षेत्र में जाने वाले सड़क के किनारे, नागवासुकि मंदिर के समीप खाली स्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।



प्रयागराज में बनाए जाने वाले 20 लघु मंचों पर समूचा भारत उतरेगा। यहां फरुआही, धोबिया, मयूर, करमा, वनटांगिया, थारू, अवधी, ढेढ़िया, चांचर, राई, पाई-डंडा, सैरा, बधावा समेत अनेक लोकनृत्यों की प्रस्तुति होगी। यहां प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे से शाम छह बजे तक प्रत्येक मंच पर कार्यक्रम होंगे। इसमें प्रदेश के लगभग 10 हजार से अधिक लोक कलाकारों को मंच मिलेगा।

संस्कृति विभाग की तरफ से मेजबान उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों की रामलीलाएं भी महाकुंभ के दौरान होंगी। कल्पवासी, श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहे, इसके लिए रामलीलाओं का भी मंचन होगा।

द्वितीय मंच नागवासुकि क्षेत्र में बनेगा, जहां रामलीलाओं का मंचन होगा। यहां मेजबान उत्तर प्रदेश की कई रामलीलाओं का मंचन होगा। इसके साथ ही अनेक राज्यों का भी मंचन होगा। इसमें भारतीय लोककला मंडल (उदयपुर), योगेश अग्रवाल व दल (छत्तीसगढ़), अशोक मिश्र व दल (बालाघाट-मध्य प्रदेश), रत्नाककर ड्रामेटिक आर्ट प्रोडक्शन (दिल्ली), मिथिलांचल अवध आदर्श रामलीला फाउंडेशन (सीतामढ़ी-बिहार), तीर्थवासी वहेरा (ओडिशा),मां नंदा महिला रामलीला मांगला योग समिति महादेव सुविधानगर (रूद्रप्रयाग उत्तराखंड), श्रीराम भारतीय कला केंद्र (दिल्ली), देवेंद्र बैरागी व दल (भोपाल-मध्य प्रदेश), आंजनेय कला मंडल (सतना-मध्य प्रदेश) आदि के कलाकारों द्वारा रामलीलाओं का मंचन होगा। इसके अतिरिक्त मेजबान उत्तर प्रदेश के भी अनेक जनपदों से कलाकार यहां रामलीलाओं का मंचन करेंगे

# गरीब बच्चों को बड़े स्कूलों में प्रवेश दिला रही योगी सरकार

### प्रथम चरण में 1.32 लाख से अधिक आवेदन आए

### आरटीई के तहत गरीब बच्चों को मिल रहा अवसर




**लखनऊ, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।**
उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सरकार के मिशन शिक्षा के तहत, गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करने के लिए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। इसका परिणाम यह है कि आवेदन प्रक्रिया के प्रथम चरण (01 दिसंबर से 19 दिसंबर) के दौरान 1.32 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

ज्ञातव्य हो कि योगी सरकार इस वर्ष यह प्रयास कर रही है कि किसी भी गरीब बच्चे की पढ़ाई में एक दिन भी देरी न हो और उसे समय से स्कूल में प्रवेश दिलाकर अप्रैल के पहले दिन से ही उसकी नियमित पढ़ाई शुरू करा दी जाए। इस प्रथम चरण में वंचित और अलाभित परिवारों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक आ-वेदन किया है, जिनमें सर्वाधिक आवेदन वाराणसी (10,278), लखनऊ (8,714) और कानपुर नगर (8,276) से प्राप्त हुए हैं। अब सरकार ने इन आवेदनों के सत्यापन कार्य में तेजी लाकर बच्चों को उनके अधिकार शीघ्र प्रदान करने की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया है। योगी सरकार के इस ऐतिहासिक कदम से उत्तर प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में एक नई उम्मीद और परिवर्तन की लहर दौड़ रही है, जिससे हर बच्चे के लिए शिक्षा का दरवाजा खुल रहा है।

सभी जिलों से प्राप्त हुए कुल 1,32,446 आवेदनों में जिन जिलों से सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनमें शीर्ष पर वाराणसी (10,278) है, जबकि दूसरे स्थान पर लखनऊ (8,714) है। इसी प्रकार तीसरे स्थान पर कानपुर नगर (8,276), चौथे स्थान पर अलीगढ़ (4,880) और पांचवें स्थान पर आगरा (4,626) ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके साथ ही बीईओ और बीएसए स्तर पर लंबित आवेदनों को लेकर सरकार ने जिलों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर बच्चों के अधिकार सुनिश्चित किए जाएं। सरकार ने अधिकारियों से कहा है कि 23 दिसंबर को पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा, इसलिए अधिकारी 22 दिसंबर तक सर्वोच्च प्राथमिकता पर आरटीई आवेदन सत्यापन को रखते हुए आवेदनों का सत्यापन कार्य पूर्ण करें।

# पुष्पा 2 भगदड़ मामला : तेलंगाना में नई फिल्मों के लिए अब कोई प्रीमियर शो नहीं होगा : रेवंत

**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 04 दिसंबर को संध्या थिएटर में हुई भगदड़ की घटना के मद्देनजर, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और एक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया जो अस्पताल में कोमा में है, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को विधानसभा में कहा कि उनकी सरकार राज्य में नई फिल्मों के लिए कोई प्रीमियर शो की अनुमति नहीं देगी और टिकटों की कीमत में बढ़ोतरी की अनुमति नहीं देगी।



भगदड़ की घटना फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर शो के दौरान हुई, जिसमें अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भाग लिया, जबकि पुलिस ने इस तरह के समारोहों की अनुमति नहीं दी थी।

उन्होंने कहा कि संध्या थिएटर घटना की पुलिस जांच चल रही है और सभी जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

रेड्डी ने बताया कि संध्या थिएटर प्रबंधन ने पुष्पा 2 प्रीमियर शो से पहले चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में सुरक्षा के लिए आवेदन किया था, जिसमें कहा गया था कि फिल्म के नायक, नायिका और निर्माता इसमें शामिल होंगे।

हालांकि, पुलिस ने इलाके के सीमित प्रवेश और निकास बिंदुओं और बड़ी भीड़ को प्रबंधित करने में कठिनाई का हवाला देते हुए अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। सीएम ने कहा, चिक्कड़पल्ली सीआई ने थिएटर प्रबंधन को लिखित रूप में स्पष्ट रूप से सूचित किया कि सुरक्षा प्रदान करना संभव नहीं था और कार्यक्रम के खिलाफ सलाह दी। इसके बावजूद, अल्लू अर्जुन प्रीमियर शो में शामिल हुए, अपनी कार की छत पर पहुंचे, जिससे थिएटर के चारों ओर भारी भीड़ जमा हो गई।

जब अभिनेता की कार को अंदर जाने के लिए थिएटर का गेट खोला गया, तो सैकड़ों प्रशंसक आगे बढ़ गए, जिससे भगदड़ मच गई।

दुखद रूप से, रेवती नाम की एक महिला की जान चली गई, और उसके बेटे को गंभीर मस्तिष्क की चोटें आईं और वह कोमा में है। मुख्यमंत्री ने गुस्सा व्यक्त करते हुए अल्लू अर्जुन और फिल्म उद्योग की त्रासदी पर प्रतिक्रिया की आलोचना की। बच्चे के 20 दिनों तक कोमा में रहने के बावजूद, एक भी फिल्मी हस्ती अस्पताल नहीं गई। वे अभिनेता को सांत्वना देने के लिए क्यों दौड़ रहे हैं? क्या अल्लू अर्जुन ने एक आंख या एक पैर खो दिया है? उन्होंने फिल्म उद्योग पर जवाबदेही से अधिक अपनी छवि को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। रेड्डी ने कहा, इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती और प्रशंसकों तथा आम जनता की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि मामले की जांच की जा रही है और सभी से आग्रह किया कि वे ऐसे बयान न दें जिससे जांच में बाधा उत्पन्न हो।

इस घटना ने जवाबदेही और सुरक्षा उपायों के बारे में व्यापक बहस छेड़ दी है।






## मुख्यमंत्री ने की लागाचर्ला घटना को लेकर बीआरएस नेताओं की आलोचना

**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को विधानसभा में विवादास्पद लगाचर्ला घटना और व्यापक शासन मुद्दों पर चर्चा करते हुए बीआरएस नेताओं पर तीखा हमला किया। रेवंत रेड्डी ने कोडंगल निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपनी पहल का बचाव करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास लाने के उनके प्रयासों को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है।

स्वतंत्रता के बाद, कोडंगल से कोई भी मंत्री नहीं बना। मैं मुख्यमंत्री बना और कोडंगल के युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए काम किया। क्या मुचर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक फार्मा सिटी स्थापित करना गलत था? मेरा उद्देश्य उन जगहों पर भूमि अधिग्रहण करके उद्योग और रोजगार लाना था जहाँ सिंचाई और पीने का पानी उपलब्ध नहीं था। इसके बजाय, उन्होंने हिंसा भड़काई, अधिकारियों पर हमला किया और विकास को नुकसान पहुँचाया। अगर वे हर पहल का विरोध करते हैं तो हम कैसे प्रगति कर सकते हैं? उन्होंने सवाल किया।

मुख्यमंत्री ने बीआरएस नेताओं पर प्रगति को कमजोर करने और निहित स्वार्थों के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, मैं नल्लामाला के जंगलों से एक साधारण परिवार से आया हूं और बिना किसी राजनीतिक संरक्षण के इस पद पर पहुंचा हूं।

फिर भी, वे झूठ फैलाते हैं और हर मोड़ पर विकास में बाधा डालते हैं। रेड्डी ने बीआरएस सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि उनकी नीतियों ने नलगोंडा जैसे जिलों को उपेक्षित छोड़ दिया है। नलगोंडा ने क्या पाप किया है? यह क्षेत्र फ्लोराइड से संबंधित विकृतियों से ग्रस्त है, फिर भी एसएलबीसी या मुसी शुद्धिकरण जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कोई प्रगति नहीं हुई है।

क्या यही वह प्रशिक्षण है जो केसीआर ने अपने पार्टी सदस्यों को दिया है- लोगों की जरूरतों को नजरअंदाज करते हुए तोड़फोड़ और भड़काना? बीआरएस सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन के आरोपों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भ्रामक आंकड़े पेश करने के लिए वित्त मंत्री हरीश राव पर निशाना साधा।

बीआरएस शासन के तहत राज्य का कर्ज आसमान छू गया, अत्यधिक ब्याज दरों पर ऋण लिए गए। रेड्डी ने कहा कि 19 निगमों के नाम पर 1,29,650 करोड़ रुपये उधार लिए गए, जिसकी कोई जवाबदेही नहीं है।

## तेलंगाना विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने सात दिनों की व्यापक चर्चा और विधायी कार्यवाही के बाद शनिवार को सदन के शीतकालीन सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।



इस दौरान विधानसभा ने कुल 37.44 घंटे काम किया, आठ महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए और राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

सत्र में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच जोरदार बहस हुई, जो कभी-कभी तीखी नोकझोंक में बदल जाती थी। केटीआर के खिलाफ मामला दर्ज होने के दिन तनाव चरम पर था, जिसके कारण बीआरएस विधायकों ने व्यवधान डाला।

अंतिम दिन पुष्पा 2 की रिलीज के दौरान भगदड़ में रेवती की दुखद मौत और उसके बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर तीखी चर्चा हुई।

अपनी विधायी उपलब्धियों में, विधानसभा ने भूमि अधिग्रहण विधेयक 2024, पंचायती राज अधिनियम संशोधन विधेयक, नगरपालिका अधिनियम संशोधन विधेयक, तेलंगाना विश्वविद्यालय अधिनियम संशोधन विधेयक, युवा भारत शारीरिक शिक्षा और खेल विश्वविद्यालय अधिनियम संशोधन विधेयक, माल और सेवा कर संशोधन विधेयक, तेलंगाना वेतन और पेंशन का भुगतान और अयोग्यता संशोधन विधेयक, और जीएचएमसी संशोधन विधेयक सहित आठ प्रमुख विधेयकों को मंजूरी दी। सत्र में कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली चर्चाएं भी हुईं, जैसे तेलंगाना का बढ़ता कर्ज बोझ, राज्य की पर्यटन नीति को बढ़ाने की रणनीति और सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयास। अन्य बहसें राज्य द्वारा संचालित गुरुकुलों को बेहतर बनाने और शैक्षणिक संस्थानों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने पर केंद्रित थीं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पट्टे में अनियमितताओं की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की घो-षणा की।

## राष्ट्रपति द्रौपदी हैदराबाद से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं



**हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को अपना पांच दिवसीय हैदराबाद का दौरा समाप्त करने के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं।

राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा, केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, मंत्री अनसूया सीताक्का और गणमान्य व्यक्तियों ने शहर के बाहरी इलाके स्थित वायुसेना स्टेशन, हकीमपेट में उन्हें गर्मजोशी से विदाई दी। अपने पांच दिवसीय प्रवास के दौरान, राष्ट्रपति ने एम्स, मंगलगिरी, आंध्र प्रदेश के दीक्षांत समारोह, राष्ट्रपति निलयम में विभिन्न पहलों के उद्घाटन, शिलान्यास सहित कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने शहर में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, सिकंदराबाद को राष्ट्रपति ध्वज भी प्रदान किया और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की।

इसके अलावा, 'एट होम' की मेजबानी भी की, जिसमें मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारी शामिल हुए।

'एट होम' का आयोजन राष्ट्रपति निलयम में किया गया, जहां वह ठहरी थीं।












स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.